इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

स्वस्तिक ऑफसेट & स्क्रीन प्रिंट
उत्कृष्ट एवं कलात्मक छपाई हेतु...
पता : बल्देव बाग, राजनांदगांव मो. 93004-14726

वर्ष- 45 अंक - 184 राजनांदगांव, शनिवार 23 मई 2026 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## होर्मुज में जहाजों से फीस वसूलने की तैयारी में ईरानः ओमान के साथ पेमेंट सिस्टम पर हो रही बातचीत, अमेरिका बोला- यह मंजूर नहीं

तेल अवीव/ तेहरान/ वॉशिंगटन डीसी। ईरान और ओमान होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर फीस वसूली के सिस्टम को लेकर बातचीत कर रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की नई बनाई गई पर्सियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी ने कहा कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के 'मैनेजमेंट सुपरविजन एरिया' की सीमा तय कर दी है। अथॉरिटी के मुताबिक, यहां से गुजरने के लिए परमिट जरूरी होगा।

फरवरी में अमेरिकी और इजराइली हमलों के बाद ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में कमर्शियल ट्रैफिक लगभग रोक दिया था। इससे अंतरराष्ट्रीय शिपिंग प्रभावित हुई और ऊर्जा कीमतों में तेजी आई।




इसके बाद ईरानी अधिकारियों ने इस जलमार्ग से राजस्व जुटाने के विकल्पों पर चर्चा शुरू की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग है और यहां किसी तरह का टोल नहीं होना चाहिए। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी इसका विरोध किया। दुनिया के करीब 20 प्रतिशत समुद्री तेल और प्राकृतिक गैस की सप्लाई होर्मुज स्ट्रेट से गुजरती है। ऐसे में यहां किसी भी तरह के शुल्क या प्रतिबंध का असर वैश्विक ऊर्जा बाजार और शिपिंग पर पड़ सकता है।

### सीधे टोल नहीं वसूलेगा ईरान

रिपोर्ट के मुताबिक ईरान सीधे टोल लगाने के बजाय सर्विस फीस मॉडल पर काम कर रहा है। इसमें जहाजों से ट्रांजिट फीस, पर्यावरण शुल्क और अन्य सेवाओं के नाम पर रकम ली जा सकती है। दो ईरानी अधिकारियों के मुताबिक ओमान अब इस प्रस्ताव में संभावित आर्थिक फायदे देखते हुए हिस्सेदारी पर चर्चा कर रहा है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भारत का तीसरा सबसे बड़ा तेल सप्लायर बना वेनेजुएला : सऊदी-यूएई पीछे छूटे; होर्मुज बंद होने के बाद भारतीय कंपनियों ने खरीद बढ़ाई

नई दिल्ली। होर्मुज स्ट्रेट बंद होने के बाद वैश्विक तेल बाजार में उथल-पुथल मच गई है। ऐसे वक्त में जब मिडिल ईस्ट के देशों की तेल सप्लाई पर असर पड़ा, तब वेनेजुएला अचानक भारत का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल सप्लायर बनकर उभरा है।

एनर्जी ट्रैक करने वाली एजेंसी केप्लर के डेटा के मुताबिक, वेनेजुएला ने मई 2026 में सऊदी अरब और अमेरिका दोनों को पीछे छोड़ दिया है। अभी केवल रूस और UAE ने ही वेनेजुएला से ज्यादा तेल सप्लाई किया है। रिपोर्ट के मुताबिक इस महीने भारत को वेनेजुएला से होने वाली तेल सप्लाई अप्रैल के मुकाबले करीब 50 फीसदी बढ़ गई है।

अमेरिका ने जनवरी में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के बाद वहां के तेल निर्यात पर कुछ ढील दी थी। उसी के बाद अप्रैल से भारत में फिर से वेनेजुएला का तेल आना शुरू हुआ।

### 9 महीने बाद भारत ने तेल खरीदना शुरू किया

केप्लर के मुताबिक, मई में अब तक भारत ने वेनेजुएला से करीब 4.17 लाख बैरल प्रतिदिन




कच्चा तेल खरीदा है। अप्रैल में यह आंकड़ा 2.83 लाख बैरल प्रतिदिन था, जबकि उससे पहले लगातार 9 महीने तक भारत ने वेनेजुएला से कोई तेल नहीं खरीदा था। इस बढ़ोतरी की सबसे बड़ी वजह दो हैं। पहली- मिडिल ईस्ट में युद्ध और होर्मुज स्ट्रेट संकट की वजह से सप्लाई प्रभावित हुई है। दूसरी- वेनेजुएला का भारी और हाई-सल्फर वाला कच्चा तेल सस्ता पड़ रहा है। रिलायंस जैसी भारतीय रिफाइनरियां इसे प्रोसेस करने में सक्षम हैं, इसलिए उन्होंने खरीद बढ़ा दी। केपलर के एनालिस्ट निखिल दुबे के मुताबिक भारतीय रिफाइनर लंबे समय से वेनेजुएला के तेल में दिलचस्पी दिखाते रहे हैं, क्योंकि यह सस्ता है और भारत के रिफाइनिंग सिस्टम के अनुकूल है। खास तौर पर गुजरात में रिलायंस की रिफाइनरी भारी तेल के लिए काफी अच्छी मानी जाती है। उनके मुताबिक भारत की ज्यादातर रिफाइनरियां वेनेजुएलाई तेल सीमित मात्रा में ही प्रोसेस कर सकती हैं, लेकिन रिलायंस के पास ऐसी तकनीक है, जिससे उसे सबसे ज्यादा फायदा हो रहा है।

### सऊदी अरब ने तेल की कीमत बढ़ाई

भारत का कुल कच्चा तेल आयात मई में बढ़कर 49 लाख बैरल प्रतिदिन हो गया है, जो अप्रैल से 8त्न ज्यादा है। लेकिन यह अभी भी फरवरी के 52 लाख बैरल प्रतिदिन के स्तर से नीचे है। फरवरी के बाद ईरान युद्ध और होर्मुज संकट ने पश्चिम एशिया से तेल सप्लाई को प्रभावित किया। ईरान से भारत को अप्रैल में 7 साल बाद फिर तेल मिला था, क्योंकि अमेरिकी प्रतिबंधों में ढील दी गई थी। लेकिन मई में अब तक ईरानी तेल नहीं पहुंचा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पेपर लीक मामले में 11वीं गिरफ्तारी, सीबीआई ने पुणे की लेक्चर मनीषा हवलदार को लिया हिरासत में

नई दिल्ली। सीबीआई ने नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पुणे की एक लेक्चरर को गिरफ्तार किया है। एजेंसी के अधिकारियों के अनुसार आरोपी मनीषा संजय हवलदार पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी के फिजिक्स प्रश्नपत्र को चुनिंदा अभ्यर्थियों तक पहुंचाने का आरोप है।



सीबीआई के मुताबिक मनीषा संजय हवलदार पुणे के सेठ हीरालाल सराफ प्रशाला में कार्यरत हैं। जांच एजेंसी ने उन्हें पेपर लीक का एक महत्वपूर्ण स्रोत बताया है। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा कि जांच के दौरान एजेंसी ने एक और मुख्य आरोपी की पहचान की है, जो नीट यूजी 2026 के फिजिक्स प्रश्नों के लीक होने का स्रोत थी। सीबीआई के अनुसार हवलदार को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) द्वारा परीक्षा प्रक्रिया में विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया गया था। इस वजह से उसे फिजिक्स के प्रश्नपत्र तक पूरी पहुंच प्राप्त थी। एजेंसी का आरोप है कि अप्रैल 2026 में उसने फिजिक्स विषय के कुछ प्रश्न सह-आरोपी मनीषा मंधारे के साथ साझा किए थे। सीबीआई ने मंधारे को 16 मई को गिरफ्तार किया था। वह पुणे की एक बॉटनी शिक्षिका हैं और उन पर पेपर लीक नेटवर्क से जुड़े होने का आरोप है। जांच में यह भी सामने आया है कि हवलदार द्वारा साझा किए गए प्रश्न नीट यूजी के फिजिक्स पेपर से मेल खाते हैं। सीबीआई ने बताया कि मामले की जांच के दौरान देशभर के कई स्थानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज, लैपटॉप, बैंक स्टेटमेंट और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। एजेंसी फिलहाल इन सभी सामग्री का विस्तृत विश्लेषण कर रही है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## दिल्ली हाईकोर्ट से उमर खालिद को मिली 3 दिन की जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली दंगा 2020 के आरोपी उमर खालिद को दिल्ली हाईकोर्ट से



बड़ी राहत मिली है। दरअसल उमर को अपनी मां की सर्जरी के लिए 3 दिन की अंतरिम जमानत दी गई है, और अब उमर 3 दिन के लिए बाहर आ सकेंगे। बता दें कि दिल्ली दंगा मामले में उमर खालिद पर UAPA के तहत केस दर्ज किया गया था। जस्टिस प्रतिभा एम सिंह और जस्टिस मधु जैन की बेंच ने ऑर्डर दिया है कि जानकारी के मुताबिक, आदेश दिया है कि उमर खालिद 1 जून 2026 से लेकर 3 जून 2026 तक शर्तों के साथ जेल से बाहर आ सकेंगे। बताया जा रहा है कि उमर खालिद ने अपनी याचिका में 15 दिन की जमानत की मांग की थी। खालिद का कहना था कि उन्हें अपने दिवंगत चाचा के अंतिम काम के साथ- (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बैज बोले- टीएस बाबा दिल्ली में करें कामः छत्तीसगढ़ में युवाओं को मौका दें; सिंहदेव ने कहा- वो खुद चुनाव हारे, अपना क्षेत्र मजबूत करें

रायपुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब बड़े नेता हैं, उन्हें दिल्ली में जाकर काम करना चाहिए। छत्तीसगढ़ में युवाओं को मौका देना चाहिए। दरअसल, हाल ही में एक समाचार पत्र को दिए इंटरव्यू में टीएस सिंहदेव ने कहा था कि अगर पार्टी उन्हें प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी देती है तो वह उसे जरूर निभाएंगे। इसी सवाल पर बैज ने ये बयान दिया। इस पर पलटवार करते हुए सिंहदेव ने कहा कि वे आज भी खुद में युवाओं जैसी ऊर्जा महसूस करते हैं, वे छत्तीसगढ़ के लिए ही काम करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं चुनाव हारा, दीपक बैज भी चुनाव हार चुके हैं। कांग्रेसी की पहली जिम्मेदारी अपने संगठन को मजबूत करना है। दोनों के बयान को बीजेपी ने अंतर्कलह बताया है।

### बाबा साहेब राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाए

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि सिंहदेव कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य रह



चुके हैं और तमिलनाडु और पुडुचेरी जैसे राज्यों के प्रभारी की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। पार्टी जहां भी जिम्मेदारी देती है, सिंहदेव वहां जाकर काम करते हैं। ऐसे में उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, दिल्ली जाकर काम करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी सभी नेताओं को साथ लेकर बेहतर तरीके से काम कर रही है। दीपक बैज के इस बयान को कांग्रेस संगठन और नेतृत्व में चल रही अंदरूनी चर्चाओं से जोड़कर देखा जा रहा है। पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने बैज के बयान पर कहा कि उन्हें नहीं पता कि दीपक बैज ने किस सोच के साथ यह बात कही। अगर युवाओं को मौका देने की बात हो रही है तो मैं आज भी खुद में युवाओं जैसी ऊर्जा महसूस करता हूं। मैं अभी भी पूरी तरह सक्रिय हूं और पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी, उसे निभाने के लिए तैयार हूं।

### प्रदेश में ही काम करना चाहता हूं

टीएस सिंहदेव ने साफ कहा कि वह अपने विधानसभा क्षेत्र और पूरे छत्तीसगढ़ में काम करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि वह लगातार प्रदेशभर में लोगों से मुलाकात कर रहे हैं और इसकी जानकारी पार्टी नेतृत्व को भी है।

### बैज खुद चुनाव हार चुके हैं - टीएस सिंहदेव

सिंहदेव ने कहा कि बैज युवा नेता हैं और भविष्य में मुख्यमंत्री भी बन सकते हैं। लेकिन अगर बड़े नेताओं की बात हो रही है तो यह भी देखना चाहिए कि कौन चुनाव जीता और कौन हारा। उन्होंने कहा कि मैं खुद चुनाव हारा हूं। बैज भी चुनाव हार चुके हैं, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अब्दुल कलाम द्वीप से अग्नि-1 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण, परमाणु हथियार ले जाने में भी सक्षम

बालेश्वर। भारत ने रक्षा क्षेत्र में आज एक और ऐतिहासिक कामयाबी हासिल की है। भारतीय रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने शुक्रवार की शाम ओडिशा के तट पर स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से अग्नि-1 बैलिस्टिक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। यह परीक्षण शाम ठीक 6.30 बजे एकीकृत परीक्षण रेंज से किया गया।



### परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है स्वदेशी अग्नि-1

अग्नि-1 पूरी तरह से भारत में विकसित (स्वदेशी) शॉर्ट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे डीआरडीओ ने तैयार किया है। यह मिसाइल सामरिक परमाणु हथियारों के साथ-साथ पारंपरिक हथियार ले जाने में भी पूरी तरह सक्षम है। भारतीय सशस्त्र बलों की स्ट्रैटेजिक फोर्सेस कमांड (स्त्रष्ट) इस मिसाइल का संचालन करती है।

### अग्नि-1 मिसाइल की मारक क्षमता और खासियतें

**सटीक निशानाः** यह मिसाइल 700 किलोमीटर से लेकर 1200 किलोमीटर तक की दूरी पर मौजूद दुश्मन के ठिकानों को पूरी सटीकता से ध्वस्त कर सकती है। **वजन और लंबाईः** इस मिसाइल की कुल लंबाई 12 मीटर है और इसका वजन करीब 12 टन है। **पेलोड क्षमतः** यह अपने साथ 1,000 किलोग्राम (1 टन) तक के परमाणु या पारंपरिक विस्फोटक ले जा सकती है। **ठोस ईंधनः** मिसाइल में ठोस प्रणोदक का इस्तेमाल किया जाता है, जिसकी वजह से इसे बेहद कम समय में तुरंत लॉन्च (त्वरित प्रक्षेपण) के लिए तैयार किया जा सकता है। उड़ीसा के तट पर स्थित डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप के एकीकृत परीक्षण रेंज पर मिसाइल का परीक्षण किया जाता है। इसे भारतीय सशस्त्र बलों की स्ट्रैटेजिक फोर्सेस कमांड (एस एफ सी) द्वारा संचालित किया जाता है।

## पीएम नरेन्द्र मोदी को झालमुड़ी खिलाने वाले दुकानदार को मिली जान से मारने की धमकी

कोलकाता। बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान झाड़ग्राम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को झालमुड़ी खिलाने वाले दुकानदार विक्रम साहू को जान से मारने की धमकी मिली है।



**साहू को पाकिस्तान और बांग्लादेश से आई कॉल**

दुकानदार की ओर से दावा किया गया कि पिछले कुछ दिनों से उसे पाकिस्तान और बांग्लादेश से रोजाना धमकी भरे काल आ रहे हैं। साहू ने कहा कि मुझे पाकिस्तान से वीडियो और फोन ल के जरिए बार-बार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। वे मुझे बम से उड़ाने की धमकी दे रहे हैं। वह और उनका परिवार अंतरराष्ट्रीय नंबरों से आ रही इन धमकियों से खौफ में हैं।

### साहू को पुलिस सुरक्षा भी मुहैया कराई गई

साहू ने कहा कि वह अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित है क्योंकि उन्हें डर है कि फोन करने वाले उसके साथ कोई साजिश रच सकते हैं। वहीं, पुलिस ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। साहू को पुलिस सुरक्षा भी मुहैया कराई गई है। पुलिसकर्मी को उनकी सुरक्षा में तैनात किया गया है। मालूम हो कि हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव के दौरान पीएम मोदी ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ईरान युद्ध का भारत पर हुआ असर, रुपया बचाने के लिए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा का बड़ा ऐलान

नई दिल्ली। डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोर हो रहे रुपये ने सरकार और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया दोनों की चिंता बढ़ा दी है। अंतरराष्ट्रीय तनाव और विदेशी निवेश में कमी के बीच अब RBI एक बार फिर वही रणनीति अपनाने की तैयारी में है, जिसने साल 2013 के आर्थिक संकट के दौरान रुपये को संभालने में बड़ी भूमिका निभाई थी। ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव का असर अब भारत की अर्थव्यवस्था पर भी साफ दिखाई देने लगा है। विदेशी बाजारों में अनिश्चितता बढ़ने से निवेशकों का भरोसा कमजोर पड़ा है और इसका सीधा असर भारतीय मुद्रा पर देखने को मिल रहा है। रुपये की लगातार गिरती कीमत ने सरकार को भी अलर्ट कर दिया है।



भारतीय रिजर्व बैंक अब रुपये को स्थिर करने के लिए कई बड़े कदमों पर विचार कर रहा है। RBI गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि केंद्रीय बैंक हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि करेंसी को स्थिर रखने के लिए ब्याज दरों में बढ़ोतरी, अतिरिक्त करेंसी स्वैप और विदेशी निवेशकों से डॉलर जुटाने जैसे विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। RBI जरूरत पड़ने पर बाजार में डॉलर की सप्लाई भी बढ़ा सकता है ताकि रुपये पर दबाव कम किया जा सके। साल 2013 में भी भारत को इसी तरह की आर्थिक चुनौती का सामना करना पड़ा था। उस समय अमेरिका के फेडरल रिजर्व ने बाजार में पैसा डालना कम कर दिया था। इसके बाद विदेशी निवेशकों ने भारत जैसे उभरते बाजारों से पैसा निकालना शुरू कर दिया। उस दौर में डॉलर तेजी से महंगा हुआ, शेयर बाजार में भारी गिरावट आई और रुपया कमजोर पड़ गया। हालात संभालने के लिए RBI ने जिस रणनीति का इस्तेमाल किया, उसे ही 'टैपर टैंट्रम प्लेबुक' कहा जाता है। इस रणनीति के तहत RBI बाजार में डॉलर बेचता है, ब्याज दरें बढ़ाता है और विदेशी निवेश को आकर्षित करने की कोशिश करता है ताकि रुपये को सहारा मिल सके। इस बार हालात और ज्यादा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अगर माता-पिता आईएएस अधिकारी हैं, तो उनके बच्चों के लिए आरक्षण क्यों?, सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने यह देखते हुए कि शैक्षणिक और आर्थिक रूप सशक्तिकरण के साथ साथ सामाजिक गतिशीलता भी आती है, कोर्ट ने शुक्रवार को पिछड़े वर्गों के उन्नत परिवारों के बच्चों को लगातार आरक्षण का लाभ देने पर सवाल उठाया।

कोर्ट ने टिप्पणी की कि अगर माता पिता दोनों आईएएस हैं तो उन्हें आरक्षण क्यों मिलना चाहिए? शैक्षणिक और आर्थिक सशक्तीकरण के साथ साथ सामाजिक गतिशीलता भी आती है। ये टिप्पणियां न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और उज्जवल भुइयां की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई के दौरान कीं।

### आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

याचिका में कर्नाटक हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी जिसमें हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता को आरक्षण से बाहर रखने के फैसले को सही ठहराया था। याचिकाकर्ता के



माता पिता दोनों ही राज्य सरकार के कर्मचारी हैं। मामले पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर छात्रों के माता पिता अच्छी नौकरियों में हैं और उनकी आय भी अच्छी खासी है, तो बच्चों को आरक्षण के दायरे से बाहर हो जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि सरकार द्वारा जारी कई आदेशों में पहले से ही ऐसे समृद्ध वर्गों को आरक्षण के लाभ से बाहर रखने का प्रविधान है। लेकिन अब उन आदेशों को चुनौती दी जा रही है। पीठ ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और वंचित समूहों के मामले में , सामाजिक पिछड़ापन नहीं बल्कि केवल आर्थिक पिछड़ापन होता है। इसमें कुछ संतुलन होना चाहिए। सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े लोगों को आरक्षण मिलना चाहिए, यह बात सही है लेकिन जब माता पिता आरक्षण का लाभ उठाकर एक निश्चित स्तर तक पहुंच चुके हैं, तो फिर उनके बच्चों को आरक्षण क्यों मिलना चाहिए।

### वैधता प्रमाणपत्र देने से इनकार

याचिकाकर्ता को कर्नाटक पावर ट्रांसमीशन कारपोरेशन लिमिटेड में आरक्षित श्रेणई के तहत असिस्टेंट इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) के पद पर नियुक्ति के लिए चुना गया था। हालांकि जिला जाति और आय सत्यापन समिति ने ये निष्कर्ष निकालते हुए कि वह क्रीमी लेयर (सम्पन्न वर्ग) के अंतरगत आता है, उसे जाति वैधता प्रमाणपत्र देने से इनकार कर दिया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## घरेलू विवाद के चलते दंपती ने की दो बच्चों की हत्या, खुद भी दी जान

दुर्ग। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां शुक्रवार को एक दंपति ने पारिवारिक विवाद के चलते कथित तौर पर अपने दो नाबालिग बच्चों की हत्या कर दी और उसके बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी।

दुर्ग के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखानंदन राठौर ने बताया कि यह घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र के आर्य नगर की है। घर के अंदर गोविंद साहू (45) और उनकी पत्नी चंचल (40) के शव छत से फंदे पर लटके हुए पाए गए, जबकि उनकी 13 वर्षीय बेटी दृश्ना और 11 वर्षीय बेटे यशांत के शव बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़े मिले। इस दर्दनाक घटना का खुलासा शुक्रवार सुबह देर से हुआ। जब यह परिवार काफी देर तक अपने कमरे से बाहर नहीं आया, तो गोविंद की मां ने कमरे के अंदर झांककर देखा। अंदर का खौफनाक मंजर देखकर होश उड़ गए और उन्होंने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस के मुताबिक, घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ईरान तनाव के बीच डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा फैसला, पोलैंड भेजेंगे 5000 और अमेरिकी सैनिक

नई दिल्ली। स्वीडन के हेलसिंगबोर्ग में नाटो विदेश मंत्रियों की बैठक चल रही थी। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक ऐसा ऐलान किया, जिससे पूरे यूरोप ने राहत भरी सांस ली। ईरान से तनाव के बीच ट्रंप ने नाटो को बताया कि वह पोलैंड में 5000 अतिरिक्त अमेरिकी सैनिक भेजने जा रहे हैं। यह फैसला इसलिए ज्यादा अहम है क्योंकि कुछ हफ्ते पहले ही पोलैंड में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती रद्द होने की खबर से हड़कंप मच गया था।



### ट्रंप के फैसले से पोलैंड में खुशी की लहर

पोलैंड के राष्ट्रपति कारोल नवरोकी ने इसे व्यक्तिगत दोस्ती का नतीजा बताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि अच्छे रिश्ते तब बनते हैं जब दोनों पक्ष सम्मान और सुरक्षा को साथ लेकर चलें। पोलैंड के रक्षा मंत्री व्लादिस्लाव कोसिनियाक-कामिश ने भी कहा कि अमेरिका-पोलैंड की दोस्ती अब और मजबूत हो गई है। उन्होंने बताया कि पोलैंड में कुल अमेरिकी सैनिकों की संख्या पहले के करीब 10,000 के आसपास ही रहेगी। यह फैसला यूरोपीय देशों के लिए बड़ी राहत की खबर है। ट्रंप पिछले कई हफ्तों से नाटो देशों की खासी आलोचना कर रहे थे। खासकर ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल अभियान में यूरोपीय देशों के कम समर्थन पर नाराजगी जताई जा रही थी। ट्रंप ने यहां तक कह दिया था कि अगर साथ नहीं मिला तो अमेरिका नाटो से बाहर भी निकल सकता है। इस बीच, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने नाटो बैठक में साफ कर दिया कि सब कुछ ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ नाटो सहयोगी देशों ने मिडिल ईस्ट में अमेरिका की कार्रवाई में जो साथ नहीं दिया, उससे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### आज रॉयल किड्स कॉन्वेंट के 2001 बैच का पूर्व छात्र मिलन समारोह

**25 साल बाद फिर सजेगी बचपन की महफिल**

**राजनांदगांव(दावा)।** समय का पहिया घूमता है, लेकिन बचपन की यादें कभी धुंधली नहीं होतीं। कुछ ऐसा ही नजारा आज 23 मई को देखने को मिलने वाला है, जब रॉयल किड्स कॉन्वेंट के साल 2001 बैच के पूर्व छात्र पूरे 25 साल बाद एक बार फिर एक-दूसरे से गले मिलेंगे। इस ऐतिहासिक और भावुक 'एल्युमनाई मीट' (पूर्व छात्र मिलन समारोह) को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारियां जोर-शोर से चल रही थीं, जो आज एक भव्य उत्सव के रूप में सामने आने वाली हैं।

25 वर्षों के इस लंबे सफर में इस बैच के साथी देश-विदेश में अपनी सफलता का परचम लहरा रहे हैं। इनमें से कई साथी आज विदेशों में बसे हुए हैं, तो कई देश के बड़े महानगरों की मल्टीनेशनल कंपनियों (एमएनसीएस) में ऊंचे पदों पर कार्यरत हैं। वहीं, कुछ साथियों ने शहर में ही रहकर एक प्रतिष्ठित बिजनेसमैन के रूप में अपनी खास पहचान बनाई है। इस यादगार आयोजन को सफल बनाने के लिए बैच के कई चेहरे महीनों से जुटे हुए थे। साल 2001 की हेड गर्ल मनीषा चौधरी झा, अमेरिका से खास तौर पर इस मीट के लिए लौटे डेलॉयट हैदराबाद में कार्यरत हेड बॉय धवल ठक्कर और शहर के जाने-माने बिजनेसमैन व बिल्डर विनय बैद इस पूरे कार्यक्रम की कमान संभाल रहे हैं। आपको बता दें कि शहर के प्रतिष्ठित सोशल वर्कर और राष्ट्रीय कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार भी इसी गौरवशाली बैच का हिस्सा हैं, जो इस मिलन समारोह में शामिल हो रहे हैं।

संस्था के एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह दिन पुरानी यादों को ताजा करने, जीवन के अनुभवों को साझा करने और बचपन के उन शरारती दिनों को फिर से जीने का एक शानदार जरिया बनेगा। इस खास मौके पर छात्रों को रास्ता दिखाने वाले उनके गुरुजन भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में स्कूल मैनेजमेंट की प्रेसिडेंट डॉ. सविता जेबी सिंह, वाइस प्रेसिडेंट अशोक चौधरी सहित उन सभी शिक्षकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है, जिन्होंने 25 साल पहले इन बच्चों के भविष्य की नींव रखी थी। आज का यह दिन हंसी-मजाक, पुरानी खट्टी-मीठी यादों और अपनों के साथ से भरा एक शानदार 'गाला डे' होने वाला है, जो हर किसी के दिल में हमेशा के लिए दर्ज हो जाएगा। डायरेक्टर संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, पूजा सिंह, इला सिंह, जाह्नवी सिंह ने कार्यक्रम के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की है। शाला परिवार द्वारा सभी पूर्व छात्रों को मेमेन्टो द्वारा सम्मानित किया जाएगा। पूज्य पप्पाजी श्रीलाल शंकर बहादुर सिंह, शाला के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. जे बी सिंह सर के साथ की यादें निश्चित ही ताजी होंगी। मनीषा चौधरी झा द्वारा इस अवसर पर विशेष प्रेजेन्टेशन भी तैयार किया गया है, जिसमें शाला के ही पूर्व छात्र राहुलदेव चौधरी का योगदान है।

### आज साधराम साहेब की श्रद्धांजलि सभा




**राजनांदगांव (दावा)।** स्थानीय रॉयल किड्स स्कूल के बाजू पुष्पांजलि पैलेस में आज 23 मई शनिवार को संध्या 5:00 बजे परम पूज्य हाजिर स्वरुप साईं साधराम साहेब की पावन स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। महिलाओं की बैठक भी पुष्पांजलि पैलेस में ही रखी गयी हैं। यह श्रद्धांजलि सभा एसएसडी परिवार द्वारा आयोजित की गई है।

### धारदार चाकू लेकर दहशत फैलाने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**राजनांदगांव (दावा)।** बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में धारदार चाकू लेकर लोगों में दहशत फैलाने वाले आरोपी को धर दबोचा है। बताया जाता है कि, आरोपी के कब्जे से लोहे की धारदार चाकू बरामद किया गया और उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि, आरोपी आदतन बदमाश प्रवृत्ति का है, जिसके विरूद्ध थाना में पूर्व में आपराधिक प्रकरण दर्ज है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में अपराध नियंत्रण एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है।सूचना के आधार पर आरोपी नेतराम यादव उर्फ खतम पिता प्रभात यादव उम्र 23 निवासी कौरिनभांठा को आम स्थान पर धारदार चाकू लेकर लहराते हुए आम जनता को भयभीत करने की सूचना पर थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंचा गया और आरोपी से धारदार चाकू लेकर लोगों को भयभीत एवं आतंकित करते पाए जाने पर उसके कब्जे से लोहे के धारदार चाकू बरामद कर जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 242/2026 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल भेज दिया गया है।









# सुशासन तिहार : भरकापारा के जनसमस्या निवारण शिविर में 56 आवेदन प्राप्त

### महापौर ने हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि अंतर्गत स्वीकृत ऋण पत्र एवं ड्राईविंग लायसेंस का किया वितरण




**राजनांदगांव (दावा)।** शासन के निर्देशानुसार नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने एवं उन्हें शासन की योजना का लाभ देने आयोजित सुशासन तिहार 2026 के लिए वार्डो में आयोजित समाधान शिविर के तहत आज 5 वार्ड क्रमशः वार्ड नं. 25,26,27,28 व 29 के लिये भरकापारा स्कूल में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 56 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें मांग के 45 शिकायत के 11 आवेदन आए। आज के शिविर में महापौर मधुसूदन यादव पहुँच वार्डवासियों से रूबरू हुये और उनके आवेदनो व मांग पर शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। महापौर श्री यादव ने कहा कि सुशासन तिहार का प्रमुख उद्देश्य नागरिको को सरकार की योजनओं के बारे में जानकारी जाकर बताना और उनके समस्या व मांग संबंधी आवेदन का त्वरित निराकरण करना है। आज के शिविर में सभी विभागो के स्टाल लगे है, जहॉ विभागीय योजनाओ की जानकारी देने के साथ साथ आवेदन लिए जा रहे है। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु, पेंशन योजना के आवेदन, प्रधानमंत्री आवास, जैसे आवेदनों का जल्द निराकरण किया जायेगा। वही निर्माण एवं अन्य कार्यो का प्राथमिकता तय कर समय सीमा निर्धारित कर निराकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाडी में किचन व शौचालय निर्माण की मांग पर शीघ्र कार्यवाही की जावेगी, इसी प्रकार हमर क्लीनिक निर्माण के लिए स्थल चयन की प्रक्रिया भी जल्द पूर्ण की जावेगी। उन्होंने कहा कि इतनी गर्मी में शिविर में उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारी का मै धन्यवाद करता हूॅ, जो नागरिकों की समस्या का निराकरण करने 10 बजे से लगे हुए है।

**25 मई को रेवाडीह में वार्ड नं. 21 के लिए शिविर**

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने शिविर में उपस्थित सभी अधिकारी व कर्मचारी से प्राप्त आवेदनों को विभागवार सूचीबद्ध कर ऑन लाईन प्रविष्टि कर यथा संभव समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर में महापौर श्री यादव ने संबंधित वार्ड के पार्षद में सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी सदस्य राजेश जैन रानू, पार्षद श्रीमती झामित नादान सेन, अमित कुशवाहा के अलावा स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, पार्षद मनोहर यादव, पूर्व पार्षद बंटी यादव के साथ विभागीय स्टाल का निरीक्षण कर महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से 5 गर्भवती महिलाओ की गोदभराई करा 2 नवजात शिशुओं का अन्न प्राशन कराये तथा परिवाहन विभाग से बने 5 व्यक्ति को ड्राईविंग लाईसेंस एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनांतर्गत स्वीकृत 3 व्यक्तियो को ऋण पत्र दिया। दिनांक 25 मई सोमवार को रेवाडीह आशा नगर वार्ड नं. 21 के लिए रेवाडीह में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया जायेगा। आज के शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

## भाजपा ग्रामीण पश्चिम मंडल जंगलेसर शक्ति केंद्र की बैठक संपन्न, बूथ सशक्तिकरण पर जोर



**राजनांदगांव(दावा)।** भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण पश्चिम मंडल अंतर्गत जंगलेसर शक्ति केंद्र की आवश्यक बैठक गुरुवार शाम सरपंच निवास में संपन्न हुई। बैठक मंडल अध्यक्ष मनोज साहू के निर्देशानुसार आयोजित की गई। बैठक में मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, शक्ति केंद्र के वरिष्ठ कार्यकर्ता वीरेंद्र साव एवं रामेश्वर चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं शक्ति केंद्र प्रभारी हिपेन्द्र साहू, संयोजक मिथलेश साहू और सह-संयोजक देवल साहू ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक में बूथ सशक्तिकरण अभियान की समीक्षा करते हुए कमजोर बूथों पर विशेष फोकस करने का निर्णय लिया गया। साथ ही आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का गांव-गांव तक प्रचार-प्रसार करने का संकल्प भी लिया। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि माह के अंतिम सप्ताह में प्रत्येक बूथ में बैठक आयोजित कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना जाएगा।

मंडल अध्यक्ष मनोज साहू ने सभी बूथ अध्यक्षों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं से समय-सीमा में संगठनात्मक कार्य पूर्ण करने तथा आमजन तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का आग्रह किया। बैठक में प्रमुख रूप से कन्हैया साहू, लोकेश सेन, केवल साहू, जयप्रकाश साहू, बूथ अध्यक्ष सौरभ साहू, हिम्मत साहू, इंद्रमन साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संस्था के संरक्षक स्व. निर्मल शर्मा के निधन पर बाल रत्न मंच सेवा समिति ने पुष्पांजलि अर्पित की



**राजनांदगांव (दावा)।** संस्कारधानी नगर की जानी मानी सेवाभावी संस्था बाल रत्न मंच सेवा समिति के संरक्षक परम आदरणीय निर्मल शर्मा का निधन 67 वर्ष की आयु में पुरुषोत्तम मास के प्रथम दिवस दिनांक 17 मई को हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए वे अपने नाम की तरह निर्मल मन स्वभाव के सेवाभावी धर्मप्रेमी सौम्य व्यक्तित्व थे। उनका मार्गदर्शन संस्था परिवार समय-समय पर प्राप्त होता था, उनका जाना संस्था परिवार के लिए अपूर्णिय क्षति है। वे श्री श्याम कुटी परिवार के प्रमुख थे एवं बाल रत्न मंच सेवा समिति परिवार के कोषाध्यक्ष मयंक कृष्णा शर्मा के पिताजी थे। संस्था परिवार ने अपने संरक्षक निर्मल शर्मा के निवास पर जाकर उन्हें संस्था परिवार की ओर से नम आंखों से पुष्पांजलि अर्पित की और गौमाता से प्रार्थना की, कि उन्हें गोलोक धाम में शरण दे, संस्था परिवार इस दुख में शोकाकुल है। बाल रत्न मंच सेवा समिति परिवार के सेवक राहुल अग्रवाल, संदेश जैन, लोकेश अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल, गोविंद जोशी, अर्पण खंडेलवाल प्रभात गुप्ता, प्रशांत अग्रवाल, कैलाश गुप्ता, नीलेश शर्मा, रितेश यादव, प्रशांत कुशवाहा, सतपाल वाधवानी, महेश शर्मा, दिनेश अग्रवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी बाल रत्न मंच सेवा समिति परिवार के सेवक सौरभ खंडेलवाल ने दी।

## कोतवाली पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 46 पौवा देशी प्लेन शराब की जब्त




**राजनांदगांव (दावा)।** सिटी कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के एक आरोपी के कब्जे से 46 पौवा देशी शराब जब्त कर उसे जेल भेज दिया है।

कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर तथा नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेण्डर किरों के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री में संलिप्त लोगों के विरूद्व धर पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत 22 मई शुक्रवार को रात्रि में मुखबीर की सूचना पर रेड कार्यवाही करते हुए आरोपी मोहित साहू पिता संतोष साहू निवासी राजीव नगर लखोली को धर दबोचा गया और उसके कब्जे से अवैध रूप से बिक्री हेतु रखे 46 पौवा देशी प्लेन शराब मात्रा 8.280 किमती 3680 रूपये जप्त कर उसकी गिरफ्तारी की गई तथा उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

उन्होंने बताया कि आगे भी असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री में संलिप्त लोगों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री शाह सहित सउनि. संजीव मालेकर, आरक्षक लिलेन्द्र पटेल, श्रीनिवास राव, प्रयंश सिंह, नामदेव नागवंशी एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

**न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगांव**
**जिला-राजनांदगांव**

क्रं. /Q/ प्रवा. तह. / 2026 - राजनांदगाँव, दिनांक 17.4.2026

**बटांकन सूचना**

आवेदक जावेद खान पिता रमजान खान निवासी कन्हारपुरी वार्ड नं 34, तहसील व जिला राजनांदगांव छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम कन्हारपुरी प.ह.नं. 43 तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 486/2 रकबा 0.2360 हे. भूमि का नक्श बटांकन किये जाने का निवेदन किया है। अतः जिस किसी को दावा-आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन से सात दिवस के भीतर दावा-आपत्ति प्रस्तुत करें।

तहसीलदार
राजनांदगांव (छ.ग.)

### सहायक कोषालय अधिकारी (वित्त) राकेश कुमार हेड़ाउ लायजन अधिकारी नियुक्त

**राजनांदगांव (दावा)।** नगरपालिकाओं के आम व उप निर्वाचन 2026 हेतु जिले के लिए नामनिर्दिष्ट व्यय प्रेक्षक संयुक्त संचालक (वित्त) संचालनालय कोष एवं लेखा प्रेमलाल साहरा के व्यवस्था एवं समन्वय के लिए सहायक कोषालय अधिकारी (वित्त) जिला कोषालय राजनांदगांव व प्रभारी उप कोषालय अधिकारी डोंगरगढ़ राकेश कुमार हेड़ाउ को लायजन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## झुग्गी झोपड़ी हटाने के फरमान को भाजपा पार्षद ने किया विरोध

### पीड़ितों को लेकर पहुंचे रवि सिन्हा ने डॉ. रमन से लगाई गुहार



**राजनांदगांव (दावा)।** शहर में नगर निगम द्वारा अवैध कब्जा हटाने का अभियान छेड़ा गया है। इस क्रम में वार्ड नं. 39 के कथित रूप से अवैध कब्जा कर रह रहे झुग्गी झोपड़ी वालों को हटाने का फरमान जारी किया गया। इससे दहशत में आए झुग्गी झोपड़ी वासी वार्ड पार्षद रवि सिन्हा के समक्ष अपना दुख रोया। इस पर वार्ड पार्षद रवि सिन्हा ने पीड़ित झुग्गी झोपड़ी वासियों को नहीं हटाए जाने का गुहार लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के पास पहुंचे हुए थे।

पार्षद रवि सिन्हा ने डॉ. रमन से चर्चा कर उक्त झुग्गी झोपड़ी वासियों को उस जगह से नहीं हटाए जाने का निवेदन किया। पार्षद ने बताया कि इन गरीब तबके के लोगों को एक मानवीय संवेदना के चलते आपके पास लेकर आया हूं, ये गरीब परिस्थिति के लोग विगत 50 साल से वहां रह रहे हैं। अब ये ऐसे हालात में कहां जाएंगे। क्या करेंगे। इन परिस्थितियों में इन्हें उनके द्वारा काबिज उसी जगह में यथावत रखा जाए ताकि वे निर्भय होकर अपना जीवन यापन कर सके।

### पीड़ितों के पास उक्त झुग्गी-झोपड़ी के अलावा रहने के लिए कुछ नहीं

निगम द्वारा झुग्गी झोपड़ी हटाए जाने के दिए गए नोटिस से घबराए हुए संतोष कुमार देवांगन ने बताया कि निगम द्वारा वार्ड के लगभग तीन दर्जन लोगों को अपने झुग्गी झोपड़ी हटाने का नोटिस दिया है। इस झोपड़ी के अलावा उनके पास रहने का कोई और विकल्प नहीं है। ऐसे में वे सब भीषण गर्मी और सिर पर आ रही बरसात के दिनों में कहां जाएं?

इसलिए सभी पीड़ित झुग्गी झोपड़ी वासी वार्ड पार्षद रवि सिन्हा के पास आकर अपना दुख गोहराए और एक सच्चे जन प्रतिनिधि के नाते हम गरीब लोगों को न्याय दिलाने के कर्तव्य का निर्वहन करते हुए डॉ. रमन सिंह के पास ले गए। पार्षद रवि सिन्हा ने बताया कि उसके वार्ड नं. 39 में स्थित गरीब लोगों का झुग्गी झोपड़ी हटाने के लिए 15 दिन पहले भी नोटिस दिया गया था। इस पर आयुक्त से चर्चा कर उन्हें नहीं हटाने की बात कही थी। इसके बाद फिर से निगम द्वारा नोटिस भेजे जाने पर पीड़ित लोगों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के पास निवेदन करने पहुंचे। उन्होंने निवेदन को धैर्यपूर्वक सुनकर इस संदर्भ में देखने की बात कही है।


**आवश्यकता है**

ड्राइवर और वर्कर की.
ओम पेयजल, राजनांदगांव में काम करने हेतु
कार्य स्थानः राजनांदगांव

जल्दी संपर्क करें...
8103758669, 7999161135


**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.
3-4-9
127-0 190-0
राजधानी
2-5-7
289-9 256-3

चेतावनीः- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्र./426/अविअ/प्रवा.-3/2026 राजनांदगांव, दिनांक 09/03/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स अग्रवाल चैनल मिल्स प्राईवेट लिमिटेड डायरेक्टरः- अमन अग्रवाल पिता श्री राकेश कुमार अग्रवाल निवासी X-152 स्वर्णभूमि, कंचना, मोवा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम चारभांठा पटवारी हल्का नंबर 10, खसरा नंबर -

ग्राम- बिरेझर

| क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टेयर में) | क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 459/3 | 1.6430 | 5 | 490/2 | 0.4570 |
| 2 | 459/5 | 1.6430 | 6 | 490/3 | 0.4460 |
| 3 | 460 | 1.5540 | 7 | 490/4 | 0.0120 |
| 4 | 490/1 | 0.4450 | | योग | 6.2000 |

**कुल खसरा संख्या-07** **कुल रकबा-6.2000 हेक्टेयर।**

के औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय खसरा बी-1 नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि **20/03/2026** तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक **09/03/2026** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्र./486/अविअ/प्रवा.-3/2026 राजनांदगांव, दिनांक 09/03/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स अग्रवाल चैनल मिल्स प्राईवेट लिमिटेड डायरेक्टरः- अमन अग्रवाल पिता श्री राकेश कुमार अग्रवाल निवासी X-152 स्वर्णभूमि, कंचना, मोवा, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम भदेरानवागांव पटवारी हल्का नंबर 11, खसरा नंबर -

ग्राम- भदेरानवागांव

| क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टेयर में) | क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 54/3 | 0.1280 | 22 | 86 | 0.5550 |
| 2 | 55/2 | 0.8090 | 23 | 89 | 0.4660 |
| 3 | 61/1 | 0.0810 | 24 | 94 | 1.1170 |
| 4 | 61/3 | 0.2840 | 25 | 95/1 | 0.2350 |
| 5 | 61/4 | 0.2800 | 26 | 95/2 | 0.4050 |
| 6 | 62/4 | 0.0530 | 27 | 96 | 0.1940 |
| 7 | 64/1 | 0.1210 | 28 | 97 | 0.1410 |
| 8 | 64/4 | 0.3150 | 29 | 98 | 0.8940 |
| 9 | 81 | 0.1580 | 30 | 103 | 0.2790 |
| 10 | 82 | 0.9670 | 31 | 104/1 | 0.0890 |
| 11 | 83 | 0.5620 | 32 | 104/2 | 0.0930 |
| 12 | 84 | 0.2790 | 33 | 106 | 0.8580 |
| 13 | 66 | 0.0850 | 34 | 107/1 | 0.2590 |
| 14 | 68/3 | 0.1090 | 35 | 67/1 | 0.2900 |
| 15 | 69 | 0.1420 | 36 | 70/1 | 0.0080 |
| 16 | 70/4 | 0.1130 | 37 | 75 | 3.2530 |
| 17 | 72/1 | 0.9140 | 38 | 87 | 0.4860 |
| 18 | 72/3 | 0.6730 | 39 | 90 | 0.9430 |
| 19 | 73/1 | 0.6910 | 40 | 91 | 0.3120 |
| 20 | 74/1 | 1.0000 | 41 | 92 | 0.3040 |
| 21 | 85 | 0.2750 | | योग | 19.2200 |

**कुल खसरा संख्या-41** **कुल रकबा-19.2200 हेक्टेयर।**

के औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय खसरा बी-1 नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि **20/03/2026** तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक **09/03/2026** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्र./435/अविअ/प्रवा.-3/2026 राजनांदगांव, दिनांक 09/03/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स अग्रवाल चैनल मिल्स प्राईवेट लिमिटेड डायरेक्टरः- अमन अग्रवाल पिता श्री राकेश कुमार अग्रवाल निवासी X-152 स्वर्णभूमि, कंचना, मोवा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम चारभांठा पटवारी हल्का नंबर 10, खसरा नंबर -

ग्राम- चारभांठा

| क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टेयर में) | क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1054 | 0.4250 | 2 | 1055/2 | 0.3670 |

**कुल खसरा संख्या-02** **कुल रकबा-0.7920 हेक्टेयर।**

के औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय खसरा बी-1 नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि **20/03/2026** तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक **09/03/2026** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

# महिलाओं और बेटियों की शिक्षा समाज के विकास की सबसे बड़ी आवश्यकता- विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

**0 विधानसभा अध्यक्ष ने 3 करोड़ 77 लाख 36 हजार रूपए के 89 विकास कार्यों का किया लोकार्पण**

**0 डिलापहरी में उप स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की घोषणा की**

**0 ग्राम डिलापहरी में 63 केवी क्षमता से बढ़ाकर 100 केवी का लगेगा ट्रांसफार्मर**

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम डिलापहरी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 3 करोड़ 77 लाख 36 हजार रूपए की लागत के 89 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने ग्राम डिलापहरी में उप स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण तथा डीएमएफ मद से विभिन्न स्कूलों में शौचालय निर्माण के लिए 1 करोड़ 50 लाख रूपए की घोषणा की। उन्होंने बताया कि ग्राम डिलापहरी क्षेत्र में 63 केवी क्षमता के ट्रांसफार्मर को बढ़ाकर 100 केवी किया जाएगा। जिससे वोल्टेज की समस्या दूर होगी और बिजली आपूर्ति में सुधार आएगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 3 हितग्राहियों को आवास पूर्ण होने पर पूर्णता प्रमाण पत्र एवं चाबी सौंपी। इसी तरह 3 हितग्राहियों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड का वितरण किया। उन्होंने लखपति दीदीयों को प्रमाण पत्र एवं स्वच्छता दीदीयों को शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सुशासन तिहार शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने शिविर में महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति की सराहना करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि, महिलाओं और बेटियों की शिक्षा समाज के विकास की सबसे बड़ी आवश्यकता है। शासन द्वारा गांव-गांव में स्कूलों की व्यवस्था की गई है और अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना से क्षेत्र की हजारों महिलाओं को हर माह आर्थिक सहायता मिल रही है। उन्होंने बताया कि 13 ग्रामों की 5 हजार 79 महिलाओं को हर माह लगभग 50 लाख रूपए से अधिक की राशि मिल रही है तथा बीते 27 माह में लगभग 14 करोड़ रूपए का लाभ पहुंचा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पिछले दो वर्षों में क्षेत्र के ग्रामों में करीब 22 करोड़ रूपए की लागत से आवास निर्माण किए गए हैं। इसके साथ ही पचरी निर्माण, तालाब निर्माण, सीसी रोड, नाली एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित विभिन्न कार्य स्वीकृत एवं पूर्ण किए गए हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार गांव, गरीब और किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है। किसानों के लिए 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी एवं 21 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदी व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने कहा कि, गांवों में सड़क, स्कूल एवं आधारभूत सुविधाओं का विस्तार लगातार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी प्रकरणों जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, त्रुटि सुधार एवं डायवर्सन जैसी समस्याओं का निराकरण गांव स्तर पर ही सुनिश्चित किया जा रहा है। यदि किसी नागरिक का कार्य लंबित है, तो वह शिविर में अपनी समस्या सीधे रख सकता है।



विधानसभा अध्यक्ष ग्राम डिलापहरी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में हुए शामिल

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने क्षेत्र में सिंचाई सुविधा के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र के किसानों के सिंचाई सुविधा को ध्यान में रखते हुए 242.77 करोड़ रूपए की लागत से लमती फीडर लघु जलाशय एवं नहर परियोजना स्वीकृत की गई है।

इस परियोजना से 36 ग्रामों में 1840 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। जिसमें राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के 10 ग्राम सुकुलदैहान, बम्हनी, धनगांव, गातापार, डिलापहरी, धर्मापुर, ढाबा, बागतराई, लिटिया सहित अन्य गांव लाभान्वित होंगे। अधिकारियों ने बताया कि, परियोजना का कार्य प्रगति पर है तथा अगले वर्ष तक किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था के संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से जानकारी ली। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि, 13 पंचायतों के 21 गांवों में मोंगरा मल्टी विलेज योजना के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य प्रगति पर है और अगले ग्रीष्मकाल तक ग्रामीणों को इसका लाभ मिल जाएगा। वर्तमान गर्मी को देखते हुए डिलापहरी, धर्मापुर एवं अन्य प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त पंप की व्यवस्था कर पेयजल संकट का समाधान किया जा रहा है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां नलकूप सूख गए हैं वहां तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में जानकारी ली। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने क्षेत्र में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जानकारी देते हुए बताया कि, अविवादित नामांतरण के 223 प्रकरणों में से 193 प्रकरण निराकरण हो चुके है। इसी तरह अविभाजित खाता विभाजन के 60 प्रकरण में से 51 प्रकरण, विभाजित खाता विभाजन के 57 प्रकरण में से 45 प्रकरण, सीमांकन के 76 प्रकरण में से 50 प्रकरण, त्रुटि सुधार के 46 प्रकरण में से 43 प्रकरण तथा डायवर्सन के सभी 25 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। शेष प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर निराकरण किया जाएगा।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि, जिले में सुशासन तिहार 2026 का आयोजन 4 मई से 10 जून तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि, डिलापहरी शिविर में 13 ग्रामों के ग्रामवासी शामिल हुए हैं तथा विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 821 आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनमें 370 से अधिक पूर्ण हो चुके हैं। एनआरएलएम के तहत 1100 से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनी हैं तथा नरेगा योजना अंतर्गत 53 कार्यों पर 1 करोड़ 49 करोड़ रूपए व्यय कर रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत पात्र हितग्राहियों को 12 हजार रूपए प्रति शौचालय की दर से स्वीकृति प्रदान कर शौचालय निर्माण सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत जिले में बड़ी संख्या में गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से जिले में 3 हजार से अधिक सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे कई परिवारों का बिजली बिल शून्य आने लगा है। उन्होंने सरपंचों से अपील की कि गांवों में अधिक से अधिक हितग्राहियों को इस योजना से जोड़ें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा 75 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है और अतिरिक्त बिजली ग्रिड को देने पर हितग्राहियों को आय भी प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि नामांतरण एवं खाता विभाजन जैसी राजस्व सेवाएं ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को सुविधा मिल सके।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने बताया कि, जिले में जुआ, सट्टा एवं अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित की गई है। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जल संरक्षण, स्वच्छता एवं रोजगार मूलक योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में नीर एवं नारी जल यात्रा, इंजेक्शन वेल, परकोलेशन टैंक एवं बोरवेल रिचार्ज कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले को स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, राजगामी संपदा न्यास अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू, कोमल सिंह राजपूत, रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, सरपंच डिलापहरी गोंविद वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# शहर का मिनी गोवा बने आक्सीजोन क्षेत्र में कूड़े-कचरे का अंबार

राजनांदगांव (दावा)। शहर की जीवन दायिनी नदी शिवनाथ के छोर में स्थित आक्सीजोन क्षेत्र भीषण गर्मी के दिनों में मिनी गोवा बना हुआ है। लोग यहां भीषण गर्मी के दिनों मे नहाने के लिए तो आते ही है धार्मिक पर्वों में इस पवित्र नदी में स्नान कर सूर्य देवता को अर्घ्य भी अर्पित करते हैं लेकिन कतिपय लोगों द्वारा तफरीह के नाम पर आ कर रहा कचरा गंदगी फैलाने का काम कर रहे हैं। जिसे देखकर सात्विक प्रकृति के लोगों का मन विछिन्नता से भर जाता है।

बता दें कि भीषण गर्मी के दिनों में शिवनाथ नदी के तट स्थित आक्सीजोन क्षेत्र मिनी गोवा बना रहता है। लोग यहां नहाने के लिए आते हैं इसके अलावा आक्सीजोन क्षेत्र की अमराईयो की छांह में कुछ पल रुक कर ठंडी हवा खाने के साथ-साथ मौज मस्ती भी करने के काम को अंजाम देते हैं।

**मौज-मस्ती करने आने वालों की बढ़ रही संख्या**

बता दें कि शहर से दूर और निर्जन स्थान में होने के कारण आक्सीजोन क्षेत्र में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। लेकिन ये मौज- मस्ती करने वाले लोग इस जीवनदायिनी नदी की महत्ता और पवित्रता को नजर अंदाज कर इसे प्रदूषित करने का ठान लिये है, और इसे लवर पाइंट बना कर प्रेमी जोड़े तफरीह करने आने के नाम पर इस स्थान का ग़लत फायदा उठा रहे हैं। इस स्थान में न केवल कूड़े-कचरे डाल कर इसे प्रदूषित किया जा रहा है नदी की पवित्रता भी खराब की जा रही है।जिसका सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए लोगो व प्रकृति प्रेमियों द्वारा कड़ा विरोध किया जा रहा है।



नदी में स्नान-ध्यान करने आने वाले श्रद्धालुओं की भावना को लग रही चोंट

लोगों का कहना है कि इस पवित्र नदी के आक्सीजन तट पर आकर नहाना- धोना तक तो ठीक है लेकिन इसे लवर पाइंट के रूप में इस्तेमाल करते हुए अपने साथ लाए खाने-पीने की वस्तुएं और अन्य अय्यासी के वस्तुओं के कचरे को यहां फेंक इस सुरम्य वातावरण को गंदा और प्रदूषित किया जा रहा है जो कि कदापि क्षम्य नहीं है। उनका कहना है कि ये कैसे लोग हैं जो प्रकृति प्रेम को समझते नहीं। केवल अय्याशी भाव में डूबे लोग सुंदर शिवनाथ के ऑक्सीजोन में ये कैसा कचरा छोड़ जा रहे हैं? इन लोगों ने ताजी हवा खाने के नाम बीमारियों का ढेर छोड़ गए हैं।

**नगर निगम का ध्यान किया गया अपेक्षित**

एक धार्मिक संगठन से जुड़े व्यवसायी व्यक्ति ने कहा कि क्या इन लापरवाह लोगों को नदी के प्रदूषित होने की जरा भी परवाह नहीं है। इनके द्वारा छोड़ी गई ये सारी गंदगी, क्या कॉकरोच आकर उठाएंगे? उनका कहना है कि अगर इस कचरे के घेरे में, कॉकरोच पनप गए तो जो बड़ी परेशानी होगी वह सब पर भारी पड़ेगी। इसलिए अब भी वक्त है कि ऐसे लोग जाग जाए, अपने व अपने लोगों द्वारा छोड़े गए कचरा-गंदगी खुद ही उठाए और एक किनारे कर दे या डस्टबिन में डाल कर एक जिम्मेदार नागरिक बन कर दिखाएं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि गत दिनों नदी की मनमानी खुदाई कर रेत ले जाने वाले रेत माफियों पर प्रशासन ने कार्रवाई की है।

उन्होंने बताया कि रेत माफियों द्वारा आक्सीजोन क्षेत्र में बह रही नदी की मनमानी खोदाई कर जान लेवा गड्ढा कर दिए हैं जिससे यह नदी स्थल काफी गहरा हो गया है। जिसमें नहाने के दौर शहर के एक मासूम बालक व अन्य लोगों की मौत हुई चुकी है। उन्होंने नगर निगम से भी दिनों दिन प्रदूषित होते जा रहे आक्सीजोन क्षेत्र की ओर नजर रखने सहित इसका स्वरूप बिगाड़ने वाले इन तरह के अराजक तत्वों को दंडित करने की दिशा में खास पहल करने का आग्रह किया है।

**जल ही जीवन है, इसे व्यर्थ ने बहाये.**

# कांग्रेस की लगातार अमर्यादित राजनीति के विरोध में भाजयुमो का उग्र प्रदर्शन, राहुल गांधी का पुतला दहन



राजनांदगांव(दावा)। भारतीय जनता युवा मोर्चा, जिला राजनांदगांव द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के विरुद्ध की गई अमर्यादित एवं अभद्र टिप्पणी करने के विरोध में आज महावीर चौक, राजनांदगांव में राष्ट्रीय व प्रदेश आवाहन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया एवं भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चिन्टू सोनकर के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी एवं दीपक बैज का पुतला दहन किया गया। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार देश के लोकतांत्रिक संस्थानों, संवैधानिक पदों एवं राष्ट्र के सम्मानित नेतृत्व को अपमानित करने का कार्य कर रही है।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष चिन्टू सोनकर ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह जैसे नेताओं के खिलाफ कांग्रेस नेताओं द्वारा लगातार अभद्र एवं अशोभनीय भाषा का प्रयोग करना उनकी राजनीतिक हताशा को दर्शाता है। साथ ही श्री सोनकर ने कहा कि, कांग्रेस पार्टी एवं उसके नेताओं की यह पुरानी प्रवृत्ति रही है कि, जब भी देशहित से जुड़े मुद्दों पर जनता उनका साथ नहीं देती, तब वे व्यक्तिगत टिप्पणी एवं अशोभनीय भाषा का सहारा लेते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा पूर्व में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 'मौत का सौदागर', 'चायवाला', 'नीच राजनीति' जैसे अपमानजनक शब्दों का उपयोग किया गया था, जिसे देश की जनता ने कभी स्वीकार नहीं किया। इसके साथ ही कांग्रेस नेताओं द्वारा बार-बार सेना, सुरक्षा एजेंसियों एवं संवैधानिक संस्थाओं पर भी सवाल खड़े किए जाते रहे हैं।

चिन्टू सोनकर ने कहा कि, कांग्रेस नेताओं की मानसिकता लोकतांत्रिक विरोधी एवं अहंकारी हो चुकी है। जनता द्वारा लगातार चुनावों में नकारे जाने के बाद कांग्रेस अब राजनीतिक मर्यादाओं को भी भूल चुकी है। देश के प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री के खिलाफ इस प्रकार की टिप्पणी केवल भाजपा का नहीं, बल्कि देश की 140 करोड़ जनता के सम्मान का अपमान है। साथ उन्होंने कहा कि, भारतीय जनता युवा मोर्चा लोकतांत्रिक एवं असंवैधानिक तरीके से कांग्रेस की जनविरोधी और राष्ट्रविरोधी सोच का लगातार विरोध करता रहेगा। भाजयुमो कार्यकर्ता हर स्तर पर कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति का जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में भाजपा एवं भाजयुमो के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा-प्रकोष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल द्वारा अल्प बचत खाता खोलने के लिए 25 और 26 मई को विशेष अभियान

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के नागरिकों को सुरक्षित निवेश और वित्तीय रूप से सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से भारतीय डाक विभाग एक महत्वपूर्ण पहल करने जा रहा है। छत्तीसगढ़ डाक परिमण्डल के सभी डाकघरों में आगामी दिनांक 25 मई और 26 मई 2026 को अल्प बचत खाता खोलने का एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दो दिवसीय विशेष अभियान के दौरान राज्य का कोई भी नागरिक, जो सुरक्षित और लाभकारी सरकारी योजनाओं में निवेश करना चाहता है, वह लाभ उठा सकता है। निवेशक इसके लिए या तो सीधे अपने नजदीकी डाकघर में जा सकते हैं अथवा राज्य सरकार द्वारा नियुक्त अधिकृत एजेंटों के माध्यम से भी अपना निवेश सुनिश्चित कर सकते हैं, जिनकी इस अभियान में सक्रिय सहभागिता रहेगी।

डाक विभाग के अंतर्गत आम जनता की विभिन्न आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कई प्रकार की लोक-कल्याणकारी अल्प बचत योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस अभियान के तहत नागरिक डाकघर की विभिन्न प्रमुख योजनाओं जैसे कि मासिक आय योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, सार्वजनिक भविष्य निधि, आवर्ती जमा खाता, सावधि जमा खाता और सामान्य बचत खाता में अपने खाते खुलवा सकते हैं। इस आधिकारिक विज्ञप्ति के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य के सभी नागरिकों से विशेष अपील की जाती है कि वे समय रहते अपने नजदीकी डाकघर से संपर्क करें और इन विभिन्न अल्प बचत योजनाओं में अपना खाता खोलकर इस विशेष अभियान का अधिकतम लाभ उठाएं। उक्त जानकारी कमलेश तिवारी ने दी।

# संयुक्त संचालक (वित्त) प्रेमलाल साहरा व्यय प्रेक्षक नियुक्त

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा नगर पंचायत घुमका के आम निर्वाचन 2026 के संचालन के प्रेक्षण कार्य के लिए संयुक्त संचालक (वित्त) कार्यालय संचालनालय कोष एवं लेखा नवा रायपुर प्रेमलाल साहरा को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षक श्री प्रेमलाल साहरा से विश्राम गृह पुराना सिविल लाईन कक्ष क्रमांक-6 में दोपहर 3 बजे से शाम 4 बजे तक मुलाकात की जा सकती है। व्यय प्रेक्षक का मोबाईल नंबर 7470363030 है।

# गुजराती स्कूल के बच्चों को डॉ. रमन ने किया विद्या विभूषण सम्मान से सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के कार्यक्रमों द्वारा गुजराती स्कूल के छात्राओं को विद्या विभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। शाला की प्राचार्य श्रीमती सुषमा शुक्ला ने बताया कि यह शाला परिवार के लिए बहुत हर्ष की बात है। यह सम्मान दसवीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर दिया जाता है, हमारी शाला के चार बच्चों का नाम नामांकित किया गया था हर्षित साहू, चेतेश्वर प्रियंका साहू एवं वैष्णवी देवांगन इन चारों बच्चों को स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया एवं नगद पुरस्कार की भी घोषणा की गई है। गुजराती शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों तथा शाला परिवार में खुशी की लहर है कि शाला परिवार के बच्चे नित नहीं ऊंचाइयों को छू रहे हैं। यहां के शिक्षकों की मेहनत एवं लगन का ही परिणाम है जो बच्चे शाला का नाम रोशन कर रहे हैं।

संस्था के अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, सचिव सीए रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, सदस्य सूरज बुद्धदेव, पीयूष पटेल एवं अन्य सदस्यगण, शाला की प्राचार्य श्रीमती सुषमा शुक्ला, उपआचार्य श्रीमती अर्पणा श्रीवास्तव एवं शिक्षकगण ने सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

---

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

**क्र./486/अविअ/प्रवा.-3/2026** — **राजनांदगांव, दिनांक 09/03/2026**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स अग्रवाल चैनल मिल्स प्राईवेट लिमिटेड डायरेक्टरः- अमन अग्रवाल पिता श्री राकेश कुमार अग्रवाल निवासी X-152 स्वर्णभूमि, कंचना, मोवा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम चारभांठा पटवारी हल्का नंबर 11, खसरा नंबर -

**ग्राम- भदेरानवागांव**

| क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टेयर में) | क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 60/1 | 0.0280 | 9 | 70/3 | 0.1580 |
| 2 | 62/3 | 0.3200 | 10 | 71 | 0.0810 |
| 3 | 62/5 | 0.2750 | 11 | 127/2 | 0.5870 |
| 4 | 63 | 0.0280 | 12 | 128/1 | 2.6710 |
| 5 | 64/3 | 0.1010 | 13 | 129/1 | 0.1770 |
| 6 | 64/5 | 0.1090 | 14 | 129/3 | 0.1210 |
| 7 | 65 | 0.1010 | 15 | 129/5 | 0.2550 |
| 8 | 68/2 | 0.1420 | 16 | 129/10 | 0.2020 |
| | | | | योग | 5.3560 |

**कुल खसरा संख्या-16** — **कुल रकबा-5.3560 हेक्टेयर।**

के औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय खसरा बी-1 नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि **20/03/2026** तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक **09/03/2026** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

---

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

**क्र./488/अविअ/प्रवा.-3/2026** — **राजनांदगांव, दिनांक 09/03/2026**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स अग्रवाल चैनल मिल्स प्राईवेट लिमिटेड डायरेक्टरः- अमन अग्रवाल पिता श्री राकेश कुमार अग्रवाल निवासी X-152 स्वर्णभूमि, कंचना, मोवा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम चारभांठा पटवारी हल्का नंबर 10, खसरा नंबर -

**ग्राम- बिरेझर**

| क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टेयर में) | क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 449 | 0.4780 | 8 | 462 | 2.0220 |
| 2 | 450 | 0.2350 | 9 | 448 | 1.4810 |
| 3 | 451 | 0.2350 | 10 | 452/3 | 1.1010 |
| 4 | 455/2 | 0.1180 | 11 | 442 | 4.7840 |
| 5 | 456 | 0.2350 | 12 | 447 | 1.4850 |
| 6 | 457/2 | 1.2790 | 13 | 452/2 | 2.2290 |
| 7 | 458/2 | 1.3310 | | योग | 17.0130 |

**कुल खसरा संख्या-16** — **कुल रकबा-5.3560 हेक्टेयर।**

के औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय खसरा बी-1 नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि **20/03/2026** तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक **09/03/2026** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

---

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

**क्र./485/अविअ/प्रवा.-3/2026** — **राजनांदगांव, दिनांक 09/03/2026**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स अग्रवाल चैनल मिल्स प्राईवेट लिमिटेड डायरेक्टरः- अमन अग्रवाल पिता श्री राकेश कुमार अग्रवाल निवासी X-152 स्वर्णभूमि, कंचना, मोवा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम चारभांठा पटवारी हल्का नंबर 10, खसरा नंबर -

**ग्राम- चारभांठा**

| क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टेयर में) | क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 717 | 0.2510 | 10 | 1062/2 | 0.409 |
| 2 | 718 | 0.2550 | 11 | 1062/3 | 0.409 |
| 3 | 1056 | 0.3800 | 12 | 1064 | 0.4820 |
| 4 | 1057 | 0.5910 | 13 | 1065 | 1.023 |
| 5 | 1058/1 | 0.2630 | 14 | 1038/3 | 0.4800 |
| 6 | 1058/2 | 0.2590 | 15 | 1060 | 0.2670 |
| 7 | 1059 | 0.5510 | 16 | 1038/2 | 4.7810 |
| 8 | 1061 | 1.2100 | 17 | 1039 | 1.5130 |
| 9 | 1062/1 | 0.4090 | 18 | 1053/1 | 2.6570 |
| | | | | योग | 16.1900 |

**कुल खसरा संख्या-18** — **कुल रकबा-16.1900 हेक्टेयर।**

के औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय खसरा बी-1 नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि **20/03/2026** तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक **09/03/2026** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

---

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

**क्र./488/अविअ/प्रवा.-3/2026** — **राजनांदगांव, दिनांक 09/03/2026**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स अग्रवाल चैनल मिल्स प्राईवेट लिमिटेड डायरेक्टरः- अमन अग्रवाल पिता श्री राकेश कुमार अग्रवाल निवासी X-152 स्वर्णभूमि, कंचना, मोवा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम चारभांठा पटवारी हल्का नंबर 10, खसरा नंबर -

**ग्राम- बिरेझर**

| क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टेयर में) | क्रं. | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 507 | 0.0690 | 10 | 496/7 | 0.4050 |
| 2 | 509 | 0.8090 | 11 | 496/8 | 0.4050 |
| 3 | 510 | 0.4210 | 12 | 488 | 0.4290 |
| 4 | 511 | 0.4170 | 13 | 489 | 0.4330 |
| 5 | 496/2 | 0.4050 | 14 | 505 | 0.4050 |
| 6 | 497 | 0.7650 | 15 | 512 | 1.6190 |
| 7 | 508 | 0.3520 | 16 | 506 | 0.4050 |
| 8 | 496/1 | 0.0480 | 17 | 487 | 1.2300 |
| 9 | 496/6 | 0.4050 | | योग | 9.0220 |

**कुल खसरा संख्या-17** — **कुल रकबा-9.0220 हेक्टेयर।**

के औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय खसरा बी-1 नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि **20/03/2026** तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक **09/03/2026** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

## अनमोल दावा

**परिस्थितियां कभी समस्या नहीं बनतीं, समस्या उनसे निपटने का तरीका न होना है।**

## सम्पादकीय

# देश में विद्यार्थियों और शिक्षा का भविष्य अधर में?

''मन की बात'' के 131 वें एपिसोड में राष्ट्र को संबोधित करते हुवे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विद्यार्थियों के साथ परीक्षाओं पर चर्चा की थी। इस संवाद में प्रधानमंत्री मोदी ने विद्यार्थियों को सुझाव दिया था कि गुण व्यक्ति की क्षमता तय नहीं करते। शिक्षा यह व्यक्ति के जीवन को उन्नत बनाने का एक साधन है। जबकि परीक्षा केवल स्व-मूल्यांकन करने का एक साधन है। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा का भय या बोझ के रूप में देखने के बदले उत्सव के रूप में मनाने का निवेदन किया था। उन्होंने अध्ययन, आराम, शारीरिक गतिविधियां और शौक के बीच संतुलन को महत्व देने की बात की थी। पी.एम. नरेन्द्र मोदी ने यह भी कहा था कि अपनी चिन्ताएं अपने माता-पिता और परिवार के साथ खुलेआम शेयर करें। जिससे उनका मानसिक तनाव कम होगा। मोदी ने विद्यार्थियों के माता-पिता को भी सलाह दी थी कि वे बच्चों की इच्छा के विरूद्ध किसी निश्चय कैरियर का मार्ग पसंद करने के लिए दबाव नहीं डालना चाहिए। प्रत्येक बालक अनन्य है। इसी परिप्रेक्ष्य में मोदी ने शिक्षकों को भी सलाह दी थी कि वे अपने विद्यार्थियों की सिखाने की क्षमता को समझे और ऐसे लक्ष्यों को तय करें जो उनकी पहुंच मे हों, परन्तु प्राप्त करने के लिए कई प्रयत्नों की जरूरत हो।

प्रधानमंत्री का उपरोक्त वक्तव्य हकीकत से बिल्कुल विपरीत है। गुण व्यक्ति की क्षमता तय नहीं करते। वर्तमान के विश्व में प्रवेश, मेरिट लिस्ट, रैंकिंग और चयन पर जितना अधिक प्रतिशत प्राप्त होगा, उस पर युवाओं का कैरियर आधारित है। यद्यपि, पी.एम. मोदी ने विद्यार्थियों से ऐसा संवाद नहीं किया कि उन्हें परीक्षा के पेपर लीक होने और उनके अनथक प्रयत्नों के बाद भी परीक्षा स्थगित करने के आघात व हताशा से वे बाहर कैसे निकले? पेपर लीक होते हैं तब उसके जिम्मेदार संबंधित लोगों के साथ विद्यार्थियों व उनके माता-पिता, सरकार को क्या करना चाहिए?, जिससे विद्यार्थियों को न्याय मिले? किन्ही महत्वपूर्ण कारणों से विद्यार्थी परीक्षा केन्द्र में अपरिहार्यवश प्रवेश नहीं कर पाता या अनुपस्थित रहता है तो उनका जीवन व भविष्य बर्बाद न हो, ऐसा कोई इसका विकल्प तलाश करें।

जुलाई 2024 में संसद के दोनों गृहों (लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के भाषण पर चर्चा के दौरान पेपर लीक के मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी ने पहले ही बयान दिया था। उन्होंने संसद में प्रत्येक विद्यार्थी और युवाओं को गारंटी दी थी कि सरकार परीक्षाओं में ऐसी अनियमितताएं और पेपर लीक रोकने के लिए अत्यन्त गंभीर है। उन्होंने सख्त चेतावनी दी थी कि युवाओं के भविष्य के साथ छेड़छानी करने वाले कोई भी आरोपी या माफिया को छोड़ा नहीं जाएगा और उन्हें सख्त सजा दी जावेगी। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा था कि सरकार मजबूत और परीक्षा प्रक्रियाओं और समग्र व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए युद्ध स्तर पर कदम उठायेंगे।

आर्श्चजनक यह कि, प्रधानमंत्री के उक्त कथन के बाबत पेपर लीक का मुद्दा रूका नहीं। पेपर लीक विवादों और धोखाधड़ी की शिकायतों के मद्देनजर 2026 में आयोजित नीट परीक्षा को हाल ही सरकार ने रद्द किया है। अब इसकी जांच सीबीआई को सौंपी गई है। 2,205,035 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी।

आज 2.2 मिलियन से अधिक विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। देश के विभिन्न हिस्सों में से पेपर लीक और रद्द होने के कारण, मानसिक तनाव के कारण कम से कम 4 विद्यार्थियों के आत्महत्या करने का दुःखद समाचार भी मिला है।

एक ओर, 'नीट' पेपर लीक के कारण 22 लाख से अधिक मेरिटोरियस विद्यार्थियों का भविष्य जोखिम में है और पिछले 10 साल में भारत में लगभग एक लाख सरकारी स्कूलों में ताला लग गया है। दूसरी ओर असमर्थ और आलसी व्यक्ति नकली, फर्जी मेडिकल डिग्री हासिल करने और मरीजों के प्राण जोखिम में डालने के लिए लाखों रूपए खर्च कर रहे हैं। हाल ही, भाजपा शासित मध्यप्रदेश के दमोह जिले में पुलिस ने तीन नकली डाक्टरों को गिरफ्तार किया था। उनके पास नकली एम.बी.बी.एस. डिग्री थी, जिसका उपयोग करके राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अधीन सरकार द्वारा संचालित संजीवनी क्लीनिक में काम कर रहे थे।

प्रश्न यह है कि जब नीट जैसी अत्यन्त प्रतिष्ठित परीक्षा के इतिहास में, पेपर लीक और धोखाधड़ी के गंभीर मामले पांच-पांच मर्तबे दर्ज हुए हैं, जिसके कारण जांच व न्यायालयीन कार्यवाही भी हुई है। पिछले, अनेक वर्षो में देश भर में विभिन्न राज्यों में 70 से अधिक परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक हुए हैं। जिससे लाखों विद्यार्थियों पर विपरीत असर हुआ है। जब, मेडिकल की डिग्री 8-10 लाख से कम कीमतों में उपलब्ध होती हैं। तब भारत में शिक्षा और विद्यार्थियों का भविष्य बाबत आसानी से अनुमान लगाया जा सकता है।

# मुस्कुराती रूहानियत : साई साधराम साहेब

**अंब्रिक मोटलानी**

*'यदा यदा ही धर्मस्य, ग्लानिर्भवति भारत,*
*अभ्युथानम अद्धर्मस्य, तदात्मान् सृजाम्यहम..*
*परित्राणाय साधूनाम, विनाशायच दुष्कृताम् ...*
*धर्म संस्थापनार्थाय, संभवामि युगे युगे...'*



श्रीमद्भागवत गीता के अध्याय चार मे भगवान् श्री कृष्ण कहते है की जब जब धर्म की हानि होती है तब मैं साधुओं की रक्षा के लिए, दुष्टों का नाश करने के लिए, पुनः धर्म की स्थापना के लिए मैं हर युग मे प्रकट होता हूँ।

श्री कृष्ण पांच हज़ार वर्ष पूर्व प्रकट हुए और अर्जुन का मार्गदर्शन करने के लिए गीता का उद्भव हुआ जिसने पूरे सनातन धर्म को एक गौरवशाली चेतना के प्राकट्य से प्रकाशित किया। श्री कृष्ण के रूप मे ही पांच हज़ार वर्ष बाद, सिंधु और सरस्वती नदी के तट पर, सिंधु घाटी सभ्यता के शिखर पर, संतों की पवित्र तपोभूमि सिंध में पूज्य रहड़की साहेब में उन्नीस्वी शताब्दी मे 'संत सतराम धाम' का प्राकट्य हुआ। संत सतराम धाम सिंध मे हिंदू धर्म का बहुत ही पवित्र तीर्थ स्थान है, जिसमें संतों की तपस्या, सेवा, मानव धर्म, प्रेम, ध्यान और ईश्वर भक्ति और आस्था अद्भुत संगम है।

इसी तपोभूमि में महान संत साई सतराम दास साहेब के सातवें गादीसर, रूहानी मुस्कुराती मूरत के मालिक, हिंद सिंध के सरताज, साई साधराम साहेब का जन्म पच्चीस अक्टूबर उन्नीस सौ तिरसठ को संत श्री भगवान दास के घर में हुआ। संत साई साधराम साहेब जी बाल्यकाल से ही प्रभु भक्ति में लीन रहते थे।

बाल्यकाल में ही उनकी माता का स्वर्गवास हो गया। उनके बचपन के दस वर्ष अपने नाना-नानी के घर पुष्कर गाँव में बीते। उसके बाद वे रहड़की साहेब आ गए। बालक साधराम को जब उनके नाना जी खेतों मे घुमाने ले जाया करते थे तो बंजर जमीन भी हरी-भरी हो जाती थी। सभी लोग बालक साधराम को सच्चे सतराम का अवतार मानने लगे।

### सतराम धाम का इतिहास

उन्नीसवीं शताब्दी में सिंध (अखंड भारत) जो अब पाकिस्तान का हिस्सा है, वहाँ पर हिंदू मुस्लिम गुरबत में भाईचारे से रहते थे। सिंध की भूमि सूफी संतों, दर्वेशों और फकीरों की भूमि है। इस भूमि ने शाह लतीफ, वाताई फकीर, सचल शाह, सचो सतराम, संत कंवरराम जैसे महान संत अवतरित हुए। जिन्होंने पूरी दुनिया को प्रेम और मोहब्बत की राह दिखाई।

इसी भूमि में जरवार और रहड़की गाँव में भगत संत खोताराम जी ने ईश्वर भक्ति से सबको तृप्त किया और सबके दुख दर्द दूर करते थे। इसी परंपरा में उनके बाद संत सतराम दास ने रहड़की में 'डेवरी साहेब' की स्थापना की और दीन-दुखियों की सेवा करने लगे। संतजी गीता, रामायण, महाभारत, भागवत और सूफी फकीरों का बहुत सम्मान करते थे। संत सतराम दास साहेब अपनी मधुर वाणी के लिए पूरे सिंध मे प्रसिद्ध हुए और उनकी करामात से असंख्य लोगों के दुख दर्द दूर हुए। पांच जनवरी उन्नीस सौ दस में संत सतराम दास जी ब्रह्मलीन हुए। आज 'संत सतराम धाम' रहड़की साहेब सनातन धर्म और सिंधी सभ्यता का एक पवित्र तीर्थ स्थल के रूप मे प्रसिद्ध है।



संत सतराम दास के शिष्य हुए अमर शहीद भगत, संत कंवरराम जिन्होंने तीसरे गादिसर के रूप में अपने गुरु संत सतराम दास की आज्ञा से सेवा और भक्ति के आकाश को अनहद और अनंत की सीमा से भी शिखर दिया।

संत कंवरराम की रूहांनी आवाज़ को सुनने के लिए हिंदू, मुस्लिम, गरीब-अमीर, सभी दूर-दूर से आते थे। वे भक्ति रस में डूब जाते थे। मोटे-मोटे घूँघरू पैरों में बांधकर, जब भक्ति नृत्य करते थे, तो ऐसा लगता था मानो साक्षात भगवान शिव तांडव कर रहे हो। संगीत के हर राग उनके मुख से ऐसे निकलते थे, मानो माँ वीणावादिनी सरस्वती उनके मुख से, 'स्वर श्रृंगार' कर रही हो। संत कंवरराम की भक्ति में इतनी शक्ति थी कि उनकी पुकार से एक नवजात मृत बालक भी जीवित हो उठा था। संत कंवरराम को जो भी भक्ति में धन और वस्तुएं सम्मान में मिलती थी वे उन्हें तुरंत गरीबों और जरूरतमंदों को बाँट दिया करते थे। वे अपने गुरु की आज्ञा पालन कर एक भी रुपया घर नहीं ले जाते थे।

एक नवंबर उन्नीस सौ उंचालीस को सिंध के शिकारपुर जिले के रुक रेलवे स्टेशन में मुस्लिम कट्टरपंथियों ने उन्हें गोली से मारकर अमर शहीद कर दिया। आज अमर शहीद संत कंवरराम की याद में पूरे विश्व में मानव सेवा के कार्य चलते है।

अमर शहीद संत कंवरराम के बाद चौथे सतगुरु संत साई चंदिराम साहेब, पांचवें संत साई बाबल साई, भगवान दास साहेब, छठे गुरु दुलह दरवेश साई, कन्हैयालाल साहेब ने सेवा की इस परंपरा को आगे बढ़ाया। संत कन्हैया लाल ने सातवें संत के रूप में संत साई साधराम को उन्नीस सौ नब्बे में दरबार की बागडोर सौंपी और पांच जून उन्नीस सौ नब्बे को दुलह दरवेश परम धाम चले गए।

### संत साई साधराम साहेब

उन्नीस सौ नब्बे में संत साई साधराम जी ने सातवें गद्दीसर के रूप में पवित्र धाम की सेवा प्रारंभ की। साई साधराम जी का नूर ऐसा है कि उनके सामने सूरज भी शर्मा जाए। उनकी मुस्कुराहट ऐसी मानो रूहानियत धरती पर उतर आयी हो। हिंद और सिंध में एक नई चेतना और जीवन में खुशी की लहर छा गयी। भारत पाक विभाजन के बाद जो सिंधी हिंदू संप्रदाय के लोग दुख और त्रासदी से परेशान हो गए थे, उनको साई साधराम जी ने अपनी रूहानी भक्ति और प्रेम से तृप्त कर दिया। साक्षात प्रभु श्री कृष्ण की मुस्कुराहट, श्रीराम की मर्यादा और भोले शंकर का भोलापन साई साधराम में एक साथ है, जैसे देव लोक ही धरती पर उतर आया हो।

संत साधराम जी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा डहरकी में ली उसके बाद उन्होंने शिकारपुर से एमए की शिक्षा ग्रहण की और खैबर से लॉ (एलएलबी) की शिक्षा ली। वे बेनज़ीर भुट्टो के कार्यकाल में कुछ समय एसडीएम (सब डिविशनल मजिस्ट्रेट) भी रहे। साई साधराम गृहस्थ संत है। उनकी दो संतान है, बिटिया प्रियंका रानी और पुत्र साई अजीतलाल।

साई साधराम जी ने मानव सेवा की मिसाल दी है उसे शब्दों में बयाँ कर पाना बहुत मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन है। कबीर दास जी ने कहा है कि .....

*'धरती सब कागद करहु लेखनी वन राय,*
*सात समंदर मसी करू, गुरु गुन लिखा ना जाए'।*

संतजी ने जीवन के हर पहलू को छुआ। उन्होंने सिंध की महान परंपरा को पूरे विश्व में आलोकित किया। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, दुबई, कनाडा, सिंगापुर, होंगकाँग एवं विश्व के बहुत देशों में सतराम धाम के माध्यम से लोगों में नई ऊर्जा का संचार किया। भारत में नागपुर में सौ एकड़ में सचो संतराम तीर्थ धाम भी उनकी दूरदर्शीता और मानव सेवा माधव सेवा को चरितार्थ करता है।

सामूहिक विवाह, गरीब कन्याओं का विवाह, यज्ञोपवित् संस्कार, धर्म सम्मेलन के साथ-साथ भक्तों के जीवन में उन्होंने भक्ति और नाम सिमरन का जो बीज बोया, उसने पाश्चात्य सभ्यता में भटकती युवा पीढ़ी को धर्म और सनातन की ओर अग्रसर किया। संत जी ने 'नाम सिमरन' और 'नाम ध्यान' पर जोर दिया और कहा की ध्यान-भक्ति की शक्ति से हम परम शांति और आनंद की अनुभूति पा सकते है। संत जी कहते है कि अपनी आमदनी का दसवां हिस्सा गरीबों और धार्मिक कार्यो में लगाना चाहिए, जिससे विकार दूर भागते है और मन भी शुद्ध होता है। साई साधराम जी रूहानी मुस्कुराहट के धनी है।

उनकी मुस्कुराते नूर का दीदार करते ही दुख दर्द दूर हो जाते है। एक भक्त कहता है .....

*'मैं सोचता हूँ खुदा का चेहरा,*
*कैसा होगा....??*
*वो कैसे मुस्कुराता होगा..??*
*जब साई साधराम जी को देखता हूँ...*
*'रूहानी मासूम मुस्कुराहट...'*
*तब समझ मेंआता है कि,*
*खुदा भी मेरे हजूरी सतगुरु,*
*साई साधराम जैसे ही,*
*मुस्कुराता होगा...!!'*

संत साई साधराम साहेबजी की महानता का शब्दों में बखान नहीं किया जा सकता। पूरा जन्म भी हम लिखते रहे तो भी उनकी आभा को हम बखान नहीं कर सकते।

संतजी ने उन्नीस मई को मानव देह त्यागकर ब्रह्मलीन हो गए। पूरे विश्व में लाखों भक्तों की वेदना और अश्रु धारा के सैलाब से शोक की लहर है। आज ऐसा लग रहा है, मानो धरती पर जो सूर्य का प्रकाश था वो किसी ने साज़िश कर हमसे छीन लिया है।

साई साधराम जी वैदिक मंत्रोचार के साथ लाखों भक्तों के 'सतराम सिमरन' और साई साधराम अमर रहे' की गूँज के बीच पंचतत्व में विलीन होकर परम धाम चले गए। एक रिक्तता जो मन को खाली कर गयी उसे कभी भरा नहीं जा सकता।

उनका स्नेह, प्यार, अपनापन, सेवा पथ और रूहानी मुस्कुराहट लाखों दिलों मे सदा जिंदा रहेगी। जीवन को जीने का जो उन्होंने रास्ता दिया उस प्रेम और मानवता के रास्ते पर हम चल सके प्रभु से हमारी यही प्रार्थना है कि हमें संबल दे और हम पर अपनी कृपा सदा बनाये रखे।

संत कबीरजी कहते है कि जहाँ पहुँचने में हमें सदियों लग जाती है, वहां अगर हम सतगुरु की नाव में बैठे तो पल भर में पहुँच जाते है। एक बात और है, मानव व्यथा की, जो सतगुरु के बगैर अनाथ होता है और भटकता रहता है, अनजाने पथ पर, ठीक उसी तरह जिस तरह जैसे अंकुर बनने से पहले बीज की व्यथा होती है....

'मेरा सूरज बादलों के महल में सोया हुआ है,
जहाँ कोई सीढ़ी नहीं, कोई खिड़की नहीं है,
और वहाँ पहुँचने के लिए सदियों के हाथों ने,
जो पगडंडी बनाई है,
वो मेरे पैरों के लिए बहुत संकरी है..!

संत साई साधराम जी ने साधकों के इन संकरे रास्तों को सहज और आसान मार्ग बना दिये, जहाँ से दो पैर तो क्या काफिले भी आसानी से निकल सकते है। ऐसे अवतार बार-बार नहीं आते, हम धन्य है जो अपने इस छोटे जीवन मे उनका दर्शन और सानिध्य मिला।

संत साधराम जी आँखों से ओझल होकर दिल में बस गए है। हम उनको कोटि-कोटि नमन करते है और हम उनसे प्रार्थना करते है कि हमें शक्ति और संबल दे ताकि उनके बताये 'सेवा भक्ति' के मार्ग पर हम चलकर अपना जीवन सफल कर सके।

।। सच्चो संतराम।।

लालबाग, राजनांदगांव (छ.ग.)
मोबा.- 8770265454
Email- ambricmotlani73421@gmail.com

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 433 : भरत जी ने राज्य हेतु श्री राम के दोनों खड़ाऊ शीश पर धारण किए

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



सभा ने श्री राम के निर्णय पर हर्ष ध्वनि की। भरत जी ने श्री राम को वापस लाने के उद्देश्य से अयोध्या से वन की यात्रा प्रारंभ की थी। आज उनकी इच्छा पूरी नहीं हुई पर वे प्रेम मग्न अयोध्या लौटेंगे। आज उन्होंने प्रेम का वह रूप देखा है, जो विलक्षण है।

श्रीराम की घोषणा सुनकर भरतजी के नेत्रों में जल की बूँदै छलक आई है। गुरु वसिष्ठ, माताएँ, मंत्री सुमंत, निषादराज समेत उपस्थित सभी जन भाव विह्वल हैं।

भरत जी ने श्रीराम से कहा, 'आपकी आज्ञा शिरोधार्य है भैया। मैं अयोध्या का राजदायित्व स्वीकार करने को तैयार हूँ किंतु श्री राम के प्रतिनिधि के रूप में ही। मुझे इस बात की अनुमति दीजिए। साथ ही अपने दोनों खड़ाऊ मुझे अयोध्या के शासन हेतु प्रदान कर दीजिए।'

अपने बड़े भाई श्री राम के प्रति श्री भरत के इस विलक्षण प्रेम से सभी भाव विभोर हो उठे। श्रीराम ने इस निवेदन को स्वीकार करते हुए कहा, 'तुम्हारी जैसी इच्छा भरत। तुम माताओं समेत पूरी प्रजा का ध्यान रखना और प्रजाजन के लिए परोपकारी, धर्मनिष्ठ तथा न्यायप्रिय शासक के रूप में कार्य करना। मुझे पूराविश्वास है कि तुम प्रजापालक महाराज दशरथ के आदर्शों पर चलते रहोगे।'

भरत जी ने आगे बढ़कर श्रीराम के चरण स्पर्श किए। श्री राम ने अपने पहने हुए दोनों खड़ाऊ निकाले। भरत जी ने शीश झुकाकर उन्हें स्पर्श किया। फिर उसे दोनों हाथों से सम्मानपूर्वक अपने शीश पर धारण किया। भरत जी श्रीराम की आज्ञा लेकर माता सीता की ओर मुड़े। उन्होंने किञ्चित झुककर उनको प्रणाम किया। लक्ष्मण जी ने आकर भरतजी के चरण स्पर्श किए। इसके बाद भरत जी पर्णकुटी से बाहर निकल गए।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।इस कृतज्ञ लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर उन्हें मिलने वाली कृपापूर्ण सूझ के साथ - साथ एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## निर्देशक प्रशांत वर्मा का बड़ा दांव, महाकाली में शामिल किया एक और बॉलीवुड कलाकार

हनु-मान जैसी ब्लॉक बस्टर फिल्म दे चुके निर्देशक प्रशांत वर्मा अगली फिल्म महाकाली को लेकर चर्चा में हैं। यह उनके सिनेमैटिक यूनिवर्स (पीवीसीयू) की तीसरी फिल्म है, जिसका निर्देशन पूजा अपर्णा कोल्लुरु कर रही हैं। इस पैन इंडिया फिल्म की चर्चा इसलिए भी खूब है, क्योंकि अक्षय खन्ना इसका हिस्सा हैं। इसमें उन्हें असुर गुरु शुक्राचार्या के किरदार में देखा जाएगा। ताजा अपडेट है कि महाकाली में एक अन्य बॉलीवुड अभिनेता को भी शामिल कर लिया गया है।

जाने-माने फिल्म समीक्षक और ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने सोशल मीडिया पर पुष्टि की है कि महाकाली में रोहित सराफ को शामिल कर लिया गया है। उन्होंने लिखा, रोहित सराफ पीवीसीयू की अगली कड़ी महाकाली में नजर आएंगे। अभिनेता ने हाल ही में हैदराबाद में फिल्म की शूटिंग पूरी की है। उनके शामिल होने से फिल्म का दायरा और बढ़ गया है। रोहित को आखिरी बार वरुण धवन अभिनीत सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी (2025) में देखा गया था।

## सामयिक चर्चा

# कार नहीं, टमाटर !

खबर पढ़कर
बानी बोले मुस्कराकर
गजाधर ! इस बार आप अगले महीने
मारूति सुजुकी की नयी कार
घर लाने की सोच रहे है
तो अब कार पर चढ़कर
महंगाई की प्रेत आ रही है।
मारूति कम्पनी अपने
सभी माडलों की कीमत में
तीस हजार की बढ़ोत्तरी करने जा रही है।
गजाधर बोले झुंझलाकर -
'ये क्या बानी ! आज तुम
कार-वार की बेकार की बात
क्यों कर रहे हो।
चलो, अभी हमारे साथ
तुम बाजार चल रहे हो!'
बानी ने कहा - हवा बहुत गरम है।
बाहर निकलने में मुझे लग रहा है डर।
गजाधर ने कहा - सिर-कान पर
गीला गमछा लपेट ले।
हमें पता लगा है, वो गोलू ठेले वाला,
सस्ता दे रहा है टमाटर।
(शुक्रवार 22 मई 2026)



गिरीश बख्शी

## कविता


# ।। मजबूर नहीं ।।

मजदूर हैं हम, मजबूर नहीं,
कर्म पथ से हम दूर नही,
मेहनत हमारी पूजा है
मेहनत हमारी प्रार्थना है,
मन से हम अमीर भले, पर
धन से हम भरपूर नहीं।
मजदूर है....
हमें रोज-दर-रोज
श्रम करना बस भाती है,
श्रम से होकर चूर,
बिना नींद की गोली,
भरपूर नींद हमे आती है।
बड़े-बड़े बांध, और महल,
अपने हाथो से बनाते है।
कभी पेट भर खाते,
तो कभी भूखे सो जाते है।
धरती की छाती चीर कर
अन्न हम उपजाते है,
कभी किसान तो कभी मजदूर
तो अभी अन्नदाता कहलाते हैं,
हमें न कहें, भुइंया के भगवान,
यह पदवी हमें, मंजूर नहीं।।
मजदूर है हम.....
न सिरहाना लगती हमें
तकिया हाथो को बनाते है।।
जो मजूरी मिल जाये हमें
गुजारा उसी में चलाते है।
देख अमानत किसी की
कभी नहीं ललचाते है,
रुठ जाए बच्चे अगर,
कल दे देगें कहकर मनाते है।
ज्यादा से कमती भली पर,
सच्चाई से दूर नहीं।।
मजदूर है हम...
खुले आसमान पर रहकर
दूसरो के महल बनाते है।
सर्दी गर्मी या बारिस हो,
हम हंस कर सब सहजाते है।
हडडी हमारी लोहा है,
हम बोरे बासी खाते है।
सभी बिटामिन है इसमें,
यह सत्य गुनी बतलाते है।
चटनी नहीं तो नून सही,
पेट भर देता है बासी,
यही हमारा तीरथ है,
यही हमारा मथुरा-काशी।
हम हैं राजा अपने मन के,
फिर भी मद से चूर नहीं।।
हम मजदूर है, मजबूर नही।



आनंद राम सार्वा ''अनंत''
कु.बो. भाठागाव


## राशिफल



**मेष**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपका सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों के करियर में आज नया बदलाव आयेगा। जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। आज सेहत बेहतर बनी रहेगी। इस राशि के जो लोग सोशल साइट्स से जुड़े हैं, उनकी जान-पहचान किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जो उनको लाभ पहुंचाएगी। कारोबार में कुछ लोग मददगार साबित होंगे। दोस्तों के साथ बेहतर दिन बीतेगा।




**वृष राशि**
आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ सकती है। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। किसी दोस्त से मिलने का योग बन रहा है। परिवार से जुड़ी अच्छी खबर आपको मिल सकती है। आप जीवनसाथी के साथ यादगार पल बितायेंगे। आज आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। स्टूडेंट्स को आज अच्छी खबर मिल सकती है। लवमेट के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है।



**मिथुन**
आज आपका दिन मिला-जुला अनुभव देने वाला रहेगा। आपको काम में किसी अनुभवी व्यक्ति से मदद मिल सकती है। परिवार के साथ मूवी का प्लान बना सकते हैं। पैसों के लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए। अगर आप समय का सदुपयोग करेंगे तो आपको फायदा जरूर मिलेगा। किसी तरह की पुरानी बात पर ध्यान देने से आपको बचना चाहिए। कामकाज की स्थिति मजबूत रहेगी। आप अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग और गंभीर रहेंगे।



**कर्क**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए आप नई योजना बना सकते हैं। आज आपको सफलता की नई संभावनाओं का एहसास होगा साथ ही अचानक धन लाभ होने की संभावना है। इस राशि के जो लोग नौकरी में है, आज उन्हें सफलता मिल सकती है। आज अपनी योजनाओं तथा गतिविधियों को सीक्रेट रखें। अनुभवी लोगों का सहयोग और मार्गदर्शन आपके लिए सहायक रहेगा इसलिए व्यवस्थित रूप से अपने कार्यों की प्राथमिकताओं पर ध्यान दें।




**सिंह**
आज आपका दिन शानदार रहेगा। बच्चों द्वारा आज शुभ समाचार मिलने से घर में खुशी का माहौल रहेगा। साथ ही पिछले कुछ समय से चल रही किसी दुविधा का भी समाधान निकलेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर भी सामने आएंगे। व्यापार आगे बढ़ाने के लिए नई योजनाए बनाएंगे, आपको पैसे कमाने के अच्छे मौके मिलेंगे। आपको अपने कामकाज से जुड़े नए आइडियाज मिलेंगे। घर में मेहमानों के आने से माहौल खुशनुमा हो जाएगा।



**कन्या**
आज आपका दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। आपको अपने सोच और व्यवहार को संतुलित रखने का प्रयास करें। आज किसी अनजान व्यक्ति पर ज्यादा भरोसा करने से आपको बचना चाहिए। बौद्धिक एकाग्रता में बढ़ोतरी होगी। आज आपको महत्वपूर्ण फैसले लेने से बचना चाहिए। सावधानी से काम करें। मन में किसी काम को लेकर व्यर्थ की चिंता हो सकती है। भागदौड़ अधिक होगी पूराने दोस्तों से मुलाकात हो होने की संभावना है व्यापार की स्थिति अच्छी रहेगी। ऑफिस का काम रोज की तुलना में अधिक हो सकता है।




**तुला**
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में सभी के साथ तालमेल अच्छा रहेगा। अचानक नए स्रोतों से हुआ धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा। आप शाम तक किसी समारोह में शामिल हो सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न होगा। लवमेट के लिये आज का दिन फेवरेबल रहेगा। आज शुभ समाचार आपको मिलने वाला है। आज मेहनत का पूरा फल आपको मिलेगा। रचनात्मक कामों में आप सफल रहेंगे। आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे।




**वृश्चिक**
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। ऑफिस के काम में आप बिजी हो सकते हैं। किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रख सकते हैं, जिसका प्रभाव कुछ लोगों पर साफ दिखेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज परिवार के कुछ जरूरी मामले अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। मित्रों के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। आपको अपने खर्चे पर कंट्रोल करना चाहिए।



**धनु**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज़ से आज का दिन बेहतर है। आप हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे साथ ही आज ध्यान रखें कि आपके सरल स्वभाव का कुछ लोग नाजायज फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। आज अपनी योजनाओं व गतिविधियों को किसी के साथ भी शेयर ना करें। वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा।



**मकर**
आज का दिन बढ़िया रहेगा। आज किसी भी काम को करने से पहले उससे संबंधित जानकारी हासिल करने से ज्यादा सफलता मिलेगी। आप अपनी प्रतिभा को पहचाने और पूरी ऊर्जा के साथ अपनी दिनचर्या व कार्यप्रणाली को व्यवस्थित रखेंगे। किसी बात को लेकर भाई-बहन के साथ विचार करेंगे, किसी नये काम की योजना बना सकते है। आप बच्चों के साथ टाइम स्पेंड कर सकते हैं। आप नए काम पर सोच-विचार कर सकते हैं।



**कुंभ**
आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। किसी खास काम में आपको फायदा मिल सकता है। भाई-बहन के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बात से प्रभावित हो सकते हैं। बिजनेस के मामलों में दिन अच्छा हो सकता है। सामाजिक कामों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। कार्यस्थल पर आपको सहकर्मियों का सहयोग मिल सकता है। कुछ नए कामकाज आपके सामने आयेंगे और उसके लिए जरूरी लोगों से भी मुलाकात हो सकती है।



**मीन**
मीन राशि वालों आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार वालों के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जायेंगे। आपके मित्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। आर्थिक रूप से आपको लाभ की प्राप्ति होगी। आपके काम में नयापन आयेगा। अपनों से नजदीकियां बढ़ाने का अवसर मिलेगा। आपको शुभ सूचना प्राप्त होगी। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आपके कामकाज की क्षमता बढ़ेगी, जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ने के योग हैं।

# आज से भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण शिविर



**उपमुख्यमंत्री अरुण साव सहित प्रदेश संगठन के वरिष्ठ नेता होंगे शामिल**

खैरागढ़ (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान-2026 के अंतर्गत नवीन जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में पहली बार दो दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शनिवार 23 एवं रविवार 24 मई को बाफना भवन गोलबाजार में आयोजित होगा। प्रदेश संगठन के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में जिला भाजपा पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, सातों मोर्चों के अध्यक्ष एवं महामंत्री, मंडल अध्यक्ष-महामंत्री, जिला संयोजक, जिले में निवासरत राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता भाग लेंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार 23 मई को सुबह 9 बजे पंजीयन एवं ध्वजारोहण के साथ होगा। उद्घाटन सत्र में 'गरीब कल्याण योजना एवं क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका' विषय पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य वक्ता होंगे। सत्र की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेसर साहू करेंगे।

इसके बाद विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। 'हमारा इतिहास एवं विकास' विषय पर प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही, 'कार्य पद्धति' विषय पर स्वप्निल मिश्रा तथा 'कार्यकर्ता विकास, गुण, आचरण एवं दायित्व बोध' विषय पर श्वेता शर्मा मार्गदर्शन देंगी। 'देश के समक्ष राजनीतिक एवं सामाजिक चुनौतियां' विषय पर वर्णिका शर्मा मुख्य वक्ता रहेंगी। वहीं व्यवहारिक लाभार्थी संपर्क एवं सोशल मीडिया विषय पर विकांत सिंह, नवनीत जैन एवं शंशाक ताम्रकार प्रशिक्षण देंगे। पहले दिन रात्रि भोजन के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

दूसरे दिन 24 मई को 'मन की बात एवं आईटी' विषय पर हर्षित चौकसे, 'विचार परिवार' विषय पर अजय राव तथा 'सोशल मीडिया का उपयोग' विषय पर श्रद्धा मिश्रा संबोधित करेंगी।

इसके अतिरिक्त 'मीडिया प्रबंधन' विषय पर प्रदेश प्रवक्ता नलनीश ठोकने, 'हमारा सैद्धांतिक अधिष्ठान' विषय पर शताब्दी पांडे तथा 'छत्तीसगढ़ की संस्कृति, विरासत एवं धरोहर' विषय पर प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा मार्गदर्शन देंगे।

अंतिम सत्र कार्य विस्तार पर सांसद रूपकुमारी चौधरी मुख्य वक्ता होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर करेंगी। जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी घम्मन साहू ने सभी अपेक्षित कार्यकर्ताओं से अपने दैनिक उपयोग की सामग्री के साथ समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

# विद्युत कटौती और स्टाफ की कमी से 28 गांवों के ग्रामीण परेशान, कर्मचारियों की पदस्थापना की मांग को लेकर डॉ. रमन सिंह से मिले रमन सिंह राजपूत



सोमनी (दावा)। ग्राम सोमनी विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले लगभग 28 गांवों के ग्रामीण लंबे समय से विद्युत संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं। क्षेत्र में लगातार विद्युत कटौती, लो-वोल्टेज, बार-बार लाइन बंद होने और बिजली आपूर्ति बाधित रहने जैसी समस्याओं के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों को दैनिक कार्यों, कृषि कार्यों तथा विद्यार्थियों की पढ़ाई में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्युत वितरण केंद्र सोमनी में कुल 11 कर्मचारियों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में मात्र 2 कर्मचारी ही पदस्थ हैं। कर्मचारियों की भारी कमी के कारण विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने में कठिनाइयां आ रही हैं, जिससे क्षेत्रवासियों की समस्याएं और बढ़ रही हैं। इन्हीं समस्याओं के समाधान एवं पर्याप्त कर्मचारियों की पदस्थापना की मांग को लेकर आज शुक्रवार, 22 मई को प्रातः 11 बजे भाजपा ग्रामीण मंडल सोमनी के महामंत्री रमन सिंह राजपूत ने राजनांदगांव स्थित स्पीकर हाउस पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की विद्युत समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की। बताया गया कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विषय को गंभीरता से लेते हुए रमन सिंह राजपूत की बातों को ध्यानपूर्वक सुना तथा आवेदन पर त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित उच्च अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। रमन सिंह राजपूत ने उम्मीद जताई कि क्षेत्रवासियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा और पर्याप्त कर्मचारियों की नियुक्ति होने से विद्युत व्यवस्था में सुधार आएगा।

# आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का घुमका आगमन



घुमका (दावा)। छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज आज 23 मई को संध्या 6:00 बजे नगर पंचायत चुनाव के परिपेक्ष में घुमका पहुंच कर कार्यकर्ता पदाधिकारीयों प्रत्याशियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करेंगे।

छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि, नगर पंचायत घुमका का आम चुनाव 1 मई को होना है और उसके लिए कांग्रेस पार्टी कमर कस कर चुनाव मैदान में है। अध्यक्ष सहित पार्षदों की जीत सुनिश्चित हो इसके लिए आगामी रणनीति के संबंध में चुनावी रणनीति एवं तैयारी का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का आगमन घुमका में हो रहा है वे सड़क मार्ग से घूमका पधारकर कार्यकर्ताओं पदाधिकारी से चुनाव के संबंध में आवश्यक चर्चा कर दिशा निर्देश प्रदान करेंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष विपिन यादव ने जिले में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी जिले में निर्वाचित पंचायती राज एवं नगरी निकाय के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि, वह शाम 5 बजे घुमका पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष जी का स्वागत कर प्रथम नगर पंचायत के चुनावी रणभूमि में अपनी माहिती उपस्थिति देकर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करें।

# मौसम के उतार चढ़ाव से बिगड़ रही सेहत, ओपीडी में लंबी कतार



**○ पेट दर्द बुखार उल्टी-दस्त के मरीज बढ़े अस्पताल के सभी बेड फुल**
**○ तेज गर्मी के बीच अचानक बारिश से बढ़ी मौसमी बीमारिया**

छुईखदान (दावा)। क्षेत्र में लगातार बदल रहे मौसम ने लोगों की सेहत पर गहरा असर डालना शुरू कर दिया है। तेज गर्मी और उमस के बीच अचानक हो रही बारिश के कारण वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान में इन दिनों मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हालत यह है कि अस्पताल के जनरल वार्ड के सभी बेड फुल हो चुके है और ओपीडी में रोजाना मरीजों की लंबी कतार लग रही है।

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पेट दर्द उल्टी दस्त वायरल बुखार सिरदर्द चक्कर और मलेरिया जैसे मरीज बड़ी संख्या में सामने आ रहे है। डॉक्टरों के अनुसार मौसम मे लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव और उमस भरी गर्मी के कारण लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो रही है, जिससे मौसमी बीमारियां तेजी से फैल रही है। इन दिनों शादी सीजन होने के कारण भी लोगों की दिनचर्या और खानपान बिगड़ रहा है। तेज गर्मी से राहत पाने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थो और बाहर के खाद्य पदार्थो का अधिक सेवन कर रहे है। जिसका असर स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। दूसरी ओर मजदूरी और खेतों में काम करने वाले श्रमिक तेज धूप और गर्म हवाओं से प्रभावित हो रहे है, इससे उन्हें डीहाइड्रेशन उल्टी दस्त और चक्कर आने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### बच्चों पर सबसे ज्यादा असर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों में बच्चों की संख्या सबसे अधिक बताई जा रही है। कुछ दिनों पहले हुई रुक-रुक कर बारिश और उसके बाद तेज धूप तथा उमस ने बच्चों की सेहत पर ज्यादा असर डाला है। वायरल बुखार और पेट संबंधी बीमारियों के चलते अभिभावक बच्चों को अस्पताल लेकर पहुंच रहे है।

### अस्पताल में बढ़ा दबाव

मरीजों की संख्या बढ़ने से अस्पताल प्रबंधन पर भी दबाव बढ़ गया है गंभीर मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है जबकि सामान्य मरीजों को प्राथमिक उपचार और दवाईयां देकर घर भेजा जा रहा है। लगातार बढ़ती भीड़ के कारण चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ रही है।

### डॉक्टरों ने दी सावधानी बरतने की सलाह

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान के बीएमओ डॉ. मनीष बघेल ने बताया कि शादी सीजन और मौसम में अचानक बदलाव के कारण पेट दर्द, उल्टी दस्त और वायरल बुखार के मरीज तेजी से बढ़ रहे है। अस्पताल में सभी मरीजों का इलाज किया जा रहा है और लोगों को बीमारियों से बचाव के तरीके भी बताए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि गर्मी में ज्यादा देर धूप में न रहे साफ और ताजा भोजन करें, अधिक मात्रा में पानी पीए तथा बाहर के खुले खाद्य पदार्थो से बचे बच्चों और बुजुर्गो का विशेष ध्यान रखने की भी सलाह दी गई है।

# एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के तहत सीमांत किसानों को उच्च मूल्य फसल उत्पादन हेतु सामग्री वितरण




डोंगरगढ़ /बेलगाव(दावा)। एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के एचआरडीपी कार्यक्रम के अंतर्गत, समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से क्षेत्र में कृषि उन्नयन के लिए महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इस पहल के तहत सीमांत किसानों को उच्च मूल्य फसल उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मूंग, उड़द, खीरा, ककड़ी, तरबूज के बीजों के साथ-साथ बायो-बूस्टर का वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना एवं उन्हें आधुनिक एवं लाभकारी खेती की ओर प्रोत्साहित करना है। वितरण के माध्यम से किसानों को फसल विविधीकरण अपनाने तथा बेहतर उत्पादन प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन समर्थ टीम के प्रोजेक्ट मैनेजर भैया सिंह झरे, सोशल मोबिलाइजेशन ऑफिसर नंदलाल साहू, एग्रीकल्चर एक्सपर्ट सोमनाथ चावले एवं सीआरपी के सहयोग से किया जा रहा है। इनके मार्गदर्शन में किसान नई तकनीकों को अपनाकर अपनी कृषि को सशक्त बना रहे हैं।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात नियमों के पालन हेतु लगातार जागरूकता अभियान जारी



**0 यातायात नियमो के उल्लंघन के 368 प्रकरणों में 2,74,300 रुपए का चालान/अर्थदंड की वसूली**
**0 शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध न्यायालयीन एवं लाइसेंस निलंबन कार्यवाही जारी**

खैरागढ़ (दावा)। जिला केसीजी पुलिस टीम के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव एवं उनमें कमी लाने हेतु लगातार यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान चौक-चौराहों एवं बाजार क्षेत्रों में आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाइश दी जा रही है। वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, मोटर साइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने, मालवाहक वाहन में सवारी नहीं बैठाने, बिना नंबर प्लेट वाले वाहन नहीं चलाने, मोटरसाइकिल में तीन सवारी नहीं बैठाने तथा शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने की समझाइश दी जा रही है। साथ ही वाहन के आवश्यक दस्तावेज जैसे पॉल्यूशन, फिटनेस, बीमा एवं ड्राइविंग लाइसेंस अद्यतन रखने हेतु भी प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मई माह में अब तक मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए बिना नंबर प्लेट के 115, तीन सवारी के 69, बिना हेलमेट के 15, मालवाहक वाहन में सवारी बैठाने के 05, शराब पीकर वाहन चलाने के 12, प्रेशर हॉर्न के 30 एवं अन्य धाराओं के 122 प्रकरणों सहित कुल 368 प्रकरण दर्ज कर समन शुल्क/अर्थदंड राशि 2,74,300 रुपए की कार्यवाही की गई है।

शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने वाले चालकों को न्यायालय खैरागढ़ में प्रस्तुत किया जा रहा है तथा प्रकरणों के निराकरण उपरांत उनके ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन हेतु संबंधित परिवहन विभाग को प्रेषित किया जा रहा है। मालवाहक वाहनों में सवारी परिवहन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भी लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही लगातार जारी है।यातायात पुलिस जिला केसीजी जनमानस की सुरक्षा एवं लोक कल्याणकारी कार्यों के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

# राजस्व विभाग की समीक्षा में महापौर ने राजस्व वसूली एवं दुकान किराए की ली जानकारी



**○ नये दर से डिमाण्ड दुरूस्त करने के दिए निर्देश**
**○ नये वित्तीय वर्ष में सम्पत्तिकर में जुलाई तक 6.25 प्रतिशत छुट का लाभ लेने कर दाताओं को दे समझाईस**

राजनांदगांव (दावा)। गत वित्तीय वर्ष में शासन के लक्ष्य के विरूद्ध कम वसूली प्राप्त हुई है। विभिन्न शासकीय कार्यो में कर्मचारियों की ड्यूटी लगने के कारण राजस्व वसूली प्रभावित हुई, जिसके एवज में शासन ने गत वित्तीय वर्ष के सम्पत्तिकर वसूली हेतु एक माह की वृद्धि दी है, जिससे वसूली तो प्राप्त हुई लेकिन संतोषप्रद वसूली नही हुई। उक्त बाते महापौर मधुसूदन यादव ने आज अपने कक्ष में आहूत राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में कर्मचारियों से कही। उन्होने कहा कि, इस वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित नये दर से डिमाण्ड तैयार कर नये वित्तीय वर्ष के सम्पत्तिकर भुगतान करने पर जुलाई माह तक सवा छै प्रतिशत छुट का लाभ लेने घर-घर जाकर करदाताओं को समझाईस दे एवं वसूली करें।

महापौर श्री यादव ने कहा कि, इस वित्तीय वर्ष में वसूली हेतु प्लान तैयार कर कार्य करें और नये निर्धारित दर खुली व आवासीय भूमि में 10 प्रतिशत तथा व्यवसायिक व औद्योगिक में 20 प्रतिशत के आधार पर नये डिमाण्ड के विरूद्ध वसूली करना सुनिश्चित करें। उन्होनें कहा कि डिमाण्ड जल्द दुरूस्त कर करदाताओं से सम्पर्क करे, ताकि उन्हें जुलाई तक 6.25 प्रतिशत छुट एवं दिसम्बर तक 4 प्रतिशत छुट का लाभ मिल सके। साथ ही जल विभाग से नये नल कनेक्शन की जानकारी लेकर सभी से जलकर ले। इसी प्रकार भवन नजुल से नये भवनों की जानकारी लेकर सम्पत्तिकर वसूलना सुनिश्चित करे। उन्होने दुकान किराए की समीक्षा कर कहा कि, सभी दुकान प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र के निगम स्वामित्व की दुकान, मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना की दुकानों के अनुमोदन पश्चात् प्रिमियम राशि की स्थिति, अनुबंध एवं किराया की स्थिति की क्षेत्रवार जानकारी रखे और दुकानदारों को नोटिस जारी कर वसूली करना सुनिश्चित करे। उन्होने कहा कि, सभी कर्मचारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझ कार्य करें, जिससे सही वसूली प्राप्त हो सकें। उन्होने कार्य योजना बनाकर वसूली करने और अगली बैठक में प्रगति लाने कहा।

आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बैठक में कहा कि गत सप्ताह की बैठक में नये दर से डिमाण्ड दुरूस्त करने कहा गया था, जून के प्रथम सप्ताह तक डिमाण्ड दुरूस्त कर वसूली करना सुनिश्चित करे। माह वार लक्ष्य निर्धारित कर वसूली करे, एवं प्रगति से अवगत करावे। शासन द्वारा दिए गए छुट का लाभ लेने करदाताओं को प्रोत्साहित करे। उन्होने कहा कि पूर्व बैठक में दिये गये निर्देशानुसार अपने अपने प्रभारित वार्ड में विद्युत पोल, ट्रासफार्मर, हाई मास्क,टावर निगम व शासकीय भवन की जानकारी, कालोनियो की जानकारी जल्द एकत्रित कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करे। साथ ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग,सोलर पेनल के संबंध में भी जानकारी लेवे एवं करदाताओ को अपने भवनो में लगाने प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि जनगणना में किये गये भवन नम्बरिंग के आधार पर डिमाण्ड से मिलान कर दुरूस्त करे।

बैठक में निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सावन वर्मा, पूर्व पार्षद श्री शरद सिन्हा, सहित प्र.राजस्व अधिकारी श्री हितेश ठाकुर, राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सेल का गठन

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 लागू किया गया है। नियमों के अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन, स्रोत स्तर पर पृथक्करण, संग्रहण, परिवहन, प्रसंस्करण एवं सुरक्षित निस्तारण हेतु विस्तृत प्रावधान निर्धारित किए गए है। इन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन, विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करने तथा जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी गतिविधियों की सतत समीक्षा एवं मानिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सेल का गठन किया गया है।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव जिला स्तरीय सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सेल के अध्यक्ष है। उनके द्वारा सेल की समग्र मॉनिटरिंग, विभागीय समन्वय एवं नीति संबंधी निर्णय लिया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह जिला स्तरीय सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सेल की सदस्य सचिव है। उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल 2026 के क्रियान्वयन की समीक्षा एवं निगरानी की जाएगी। ग्राम पंचायतों को थोक कचरा उत्पादक की पहचान एवं पंजीकरण में सहयोग किया जाएगा। जिसमें ईबीडब्ल्यूजीआर सर्टिफिकेट, लीगेसी वेस्ट एण्ड डंपसाइट रेमेडिसन शामिल है। एसबीएम (जी) राज्य बजट एवं वित्त आयोग निधि का समन्वित उपयोग सुनिश्चित करेंगे तथा ग्राम पंचायतों की अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक क्षमता निर्माण हेतु आवश्यक हस्तक्षेप करेंगे। सार्वजनिक जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे तथा ऑनलाईन शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया जाएगा। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल 2026 का सारांश स्थानीय भाषा में अनुवाद कर प्रतिनिधियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाया जाएगा।

जिले के सभी नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सेल के सदस्य है। उनके द्वारा शहरी क्षेत्रों में डोर टू डोर कलेक्शन, सेग्रीगेशन, वेस्ट डिस्पोजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। नगरीय निकाय 1 अप्रैल 2026 से 4-स्ट्रीम सेग्रीगेशन अनिवार्य रूप से लागू करेंगे। जिसमें गीला, सूखा, स्वच्छता एवं विशेष देखभाल धाराएं सम्मिलित है। सफाई सेग्रीगेशन द्वारा गैर-अनुपालन करने वाले उत्पादकों को चालान जारी किया जाएगा। पुराने डंपसाइट के लिए पृथक समयबद्ध कार्य योजना तैयार की जाएगी। केवल रिजेक्ट को ही सेनेटरी लैंडफिल में जाने दिया जाएगा। सार्वजनिक जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे तथा ऑनलाईन शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया जाएगा। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल 2026 का सारांश स्थानीय भाषा में अनुवाद कर वार्ड प्रतिनिधियों के माध्यम से प्रत्येक घर तक पहुंचाया जाएगा।

इसी तरह जिला स्तरीय सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सेल में क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवायें, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग, उप संचालक कृषि विभाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, जिला शिक्षा अधिकारी, उप संचालक पंचायत, उप संचालक जनसंपर्क विभाग, उप संचालक समाज कल्याण, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सदस्य है। क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पर्यावरणीय मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने एवं तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करने, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को स्वच्छता जल निकासी एवं संबंधित अधोसंरचना के समन्वय में सहयोग प्रदान करने, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवायें को स्वच्छता संबंधित अधोसंरचना में तकनीकी सहयोग प्रदान करने, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग एवं उप संचालक कृषि विभाग को स्वच्छता एवं वेस्ट सेग्रीगेशन संबंधी जागरूकता गतिविधियों का संचालन, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को महिलाओं को स्वच्छता संबंधित एवं वेस्ट सेग्रीगेशन संबंधी जागरूकता गतिविधियों का संचालन प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र में जानकारी प्रदान करने और स्वच्छता के प्रचार-प्रसार में सहयोग प्रदान करने, जिला शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में स्वच्छता एवं वेस्ट सेग्रीगेशन संबंधी जागरूकता गतिविधियों का संचालन एवं छात्र-छात्राओं के नियमित व्यावहार में सम्मलित करवाने और एक शिक्षक को स्वच्छता के प्रभार देने, उप संचालक पंचायत को ग्राम पंचायतों में आवश्यक कर्मचारियों की व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं जीपीडीपी स्वच्छता एवं वेस्ट सेग्रीगेशन संबंधी जागरूकता गतिविधियों का सम्मेलन आयोजित करने, उप संचालक जनसंपर्क विभाग, उप संचालक समाज कल्याण एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास तथा को स्वच्छता एवं वेस्ट सेग्रीगेशन संबंधी जागरूकता गतिविधियों का प्रचार-प्रसार करने, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सेनेटरी वेस्ट एवं स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं की निगरानी करने एवं समय-समय स्वच्छताग्राहियों का स्वास्थ्य जांच करवाने का दायित्व सौंपा गया है। इसके साथ ही सदस्यों को समय-समय पर अन्य आवश्यक कार्य सौंपे जाएंगे।

# छुईखदान कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धापूर्वक मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि



छुईखदान (दावा)। कांग्रेस कार्यालय छुईखदान में भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा राजीव गांधी के चैलचित्र पर तिलक लगाकर पुष्प अर्पित कर एवं अगरबत्ती जलाकर की गई। इस कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी अमर रहे के नारों के साथ उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पूरे कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह एवं भावनात्मक जुड़ाव देखने को मिला श्रद्धांजलि सभा के पश्चात आयोजित विचार गोष्ठी में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने राजीव गांधी के व्यक्तित्व एवं उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मोतीलाल जंघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक भारत की दिशा देने का कार्य किया। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी दूरसंचार एवं शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल की जिसका लाभ आज पूरा देश उठा रहा है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी युवाओं की सोच और देश के विकास के प्रतीक थे, उनके कार्यो को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मोतीलाल जंघेल ने कार्यकर्ताओं से कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान भी किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकुमार पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि राजीव गांधी ने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत कर गांव और गरीबों को सशक्त बनाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि देश की एकता अखंडता और विकास के लिए राजीव गांधी का योगदान सदैव याद किया जाएगा। रामकुमार पटेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब किसान मजदूर और आम जनता की आवाज बनकर कार्य करती रही है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओ से संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।

नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रकाश महोबिया ने अपने उद्बोधन मे कहा कि राजीव गांधी दूरदर्शी नेता थे, जिन्होने भारत को 21वीं सदी की सोच से जोड़ने का काम किया। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर एवं संचार क्रांति की नींव राजीव गांधी ने ही रखी थी आज देश जिस तकनीकी विकास की ओर बढ़ रहा है, उसमें राजीव गांधी के विजन का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रकाश महोबिया ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके आदर्शों पर चलकर समाज सेवा एवं जनहित के कार्यों में आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, वरिष्ठ कांग्रेसी मोतीलाल जंघेल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकुमार पटेल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रकाश महोबिया, शैलेन्द्र तिवारी, रोहित पुलस्त, कौशल दास कोसरे, नीरज महोबिया, कपिनाथ महोबिया, नरेश नेगी, अशोक महिलांगे, बनवाली कोसरे, संतोष पाटिला, धनराज टंडन, ज्ञानदास मरकाम, नजीरुद्दीन खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## शेयर बाजार, बैंकिंग सेक्टर बना हीरो; फार्मा शेयरों ने किया निराश

नई दिल्ली। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार ने निवेशकों के चेहरों पर थोड़ी मुस्कान बिखेरी। सुबह से ही बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच क्लोजिंग बेल बजने तक बुल्स अपना दबदबा बनाए रखने में कामयाब रहे। बैंकिंग सेक्टर के दिग्गजों की अगुवाई में बाजार आखिरकार शानदार हरे निशान पर बंद हुआ।

सत्र के अंत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (क्रस्श्र) का मुख्य सूचकांक सेंसेक्स 232 अंक (0.31त्न) की बढ़त के साथ 75,415.35 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (हृस्श्र) का निफ्टी 50 भी 65 अंक (0.27त्न) की मजबूती दिखाते हुए 23,719.30 के स्तर पर सेटल हुआ।

आज के कारोबार की सबसे बड़ी ताकत बैंकिंग और फाइनेंशियल सेक्टर्स के शेयर रहे। बैंकिंग दिग्गजों में चौतरफा खरीदारी देखने को मिली, जिसने सूचकांकों को नीचे गिरने से बचा लिया। निफ्टी बैंक को मजबूती देने मेंआईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक जैसे बड़ी कंपनी का सबसे बड़ा योगदान रहा। इन शेयरों में आई तेजी के दम पर ही बाजार ने आखिरी घंटों में अपनी बढ़त को और मजबूत किया।

## पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने 23 आतंकियों को किया ढेर

नई दिल्ली। इस्राइल ने गाजा की नौसैनिक नाकेबंदी तोड़ने की कोशिश करने वाले सैकड़ों फ्लोटिला कार्यकर्ताओं को हिरासत के बाद निर्वासित कर दिया। करीब 420 कार्यकर्ता विमानों के जरिए तुर्किये पहुंचे, जहां इस्तांबुल एयरपोर्ट पर उन्होंने फ्री फिलिस्तीन के नारे लगाए। कई देशों ने कार्यकर्ताओं के साथ कथित दुर्व्यवहार को लेकर इस्राइली दूतों को तलब किया। इस्राइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर की आलोचना करते हुए कहा कि प्रदर्शनकारियों के साथ किया गया व्यवहार इस्राइल के मूल्यों के अनुरूप नहीं था। कुछ कार्यकर्ताओं ने हिरासत के दौरान मारपीट और प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं, हालांकि इस्राइली जेल अधिकारियों ने इन दावों को खारिज किया है। गाजा पर 2007 से लागू समुद्री नाकेबंदी को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहस और विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र में गाजा युद्धविराम समझौते की निगरानी कर रहे अधिकारियों ने हमास को हथियार छोड़ने के लिए हरसंभव दबाव बनाने की अपील की है। अमेरिका समर्थित शांति बोर्ड के प्रतिनिधि निकोलाय म्लादेनोव ने कहा कि गाजा में हिंसा का हर नया दौर संघर्षविराम को कमजोर कर रहा है।


## इलॉन मस्क बनेंगे दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर!

नई दिल्ली। नइदुनिया में कुछ लोगों की कमाई इतनी तेजी से बढ़ रही है कि आम इंसान के लिए उसे समझना भी मुश्किल हो जाता है. दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क की संपत्ति एक बार फिर तेजी से बढ़ी है. गुरुवार यानी कल उनकी नेटवर्थ में एक ही दिन में लगभग 45 अरब डॉलर का इजाफा हुआ, जिससे उनकी टोटल संपत्ति 722 अरब डॉलर तक पहुंच गई है. इस बढ़त के बाद मस्क की स्थिति और मजबूत हो गई है वह अब ट्रिलियनेयर क्लब की ओर तेजी से बढ़ते दिख रहे हैं. ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक, एलन मस्क की संपत्ति में इस साल अब तक भारी बढ़ोतरी देखी गई है. उनके मुकाबले अन्य अरबपतियों की संपत्ति काफी पीछे है. रिपोर्ट के मुताबिक, दूसरे नंबर पर मौजूद लैरी पेज की नेटवर्थ मस्क की संपत्ति के आधे स भी कम है. बता दें कि एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स जल्द ही अमेरिका में ढ्ढक्कह्र लाने की तैयारी में है. इसके बाद इन्वेस्टर्स कंपनी के शेयर खरीद-बेच सकेंगे. स्पेसएक्स रॉकेट और सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक के लिए जानी जाती है. माना जा रहा है कि यह IPO वॉल स्ट्रीट के इतिहास में सबसे बड़े IPO में से एक हो सकता है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्पेसएक्स की लिस्टिंग अगले महीने SPCX कोड के साथ शुरू हो सकती है.

## अल्टमायर का स्टैंड रैकेट विवाद, हैम्बर्ग ओपन में टॉमी पॉल के खिलाफ वीडियो हुआ वायरल

नई दिल्ली। हैम्बर्ग ओपन में एक नाटकीय पल तब आया जब जर्मनी के डेनियल ऑल्टमायर कोर्ट पर एक विवादित घटना में शामिल हो गए, जिससे डिसिप्लिनरी एक्शन पर बहस छिड़ गई। ऐसा तब हुआ जब टॉमी पॉल के खिलाफ मैच के दौरान उन्होंने अपना रैकेट स्टैंड में मार दिया। यह घटना उनके क्वार्टर-फाइनल मैच के दौरान हुई जब ऑल्टमायर, सर्विस ब्रेक गंवाने से निराश होकर गुस्से में अपना रैकेट फेंक दिया। घटनाओं का एक ऐसा सिलसिला जो तेज़ी से बढ़ा, रैकेट उनकी ओर वापस उछला, जिससे उन्होंने उसे फिर से किक किया, जिससे वह दर्शकों के एरिया में चला गया।मैच पॉल के कंट्रोल में रहने के साथ खत्म हुआ, और आखिर में सीधे सेटों में 6-2, 7-5 से जीत हासिल करके टूर्नामेंट में आगे बढ़ गए। यह घटना तब से सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है।

# आंखों में आंसू, जीत का यादगार जश्न, 41 साल की उम्र में चैंपियन बने रोनाल्डो




नई दिल्ली। एक तरफ जहां खेल प्रेमियों को 12 जून से शुरू होने वाले फीफा वर्ल्ड कप 2026 के शुरू होने का इंतजार काफी बेसब्री से है तो वहीं इसी बीच दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी 41 साल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रोते हुए एक वीडियो सामने आया है। फुटबॉल वर्ल्ड कप से ठीक पहले रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग में अल-नस्र क्लब की तरफ से खेलते हुए उसे पहला खिताब जिताने में 22 मई को सफल हुए। रोनाल्डो इस मुकाबले में जीत के बाद मैदान पर काफी भावुक दिखाई दिए जिसमें वह अपनी भावनाओं को काबू में नहीं रख सके और रोने लगे।

दरअसल क्रिस्टियानो रोनाल्डो इस क्लब के साथ साल 2023 में जुड़े थे, जिसमें टीम लगातार खिताब जीतने से चूक रही थी लेकिन अब तीन साल के लंबे इंतजार के बाद रोनाल्डो अपनी टीम को विजेता बनाने में कामयाब रहे हैं। अल नस्र ने दमाक को 4-1 से मात देकर हासिल की पहली पोजीशन सऊदी प्रो लीग में अल नस्र क्लब जिसका हिस्सा क्रिस्टियानो रोनाल्डो हैं उनका 22 मई को रियाद के अलअव्वल पार्क में दमाक से मुकाबला था। इस मैच का पहला गोल खेल के 33वें मिनट में अल नस्र की तरफ से सादिओ माने ने किया तो वहीं 51वें मिनट में दूसरा गोल किंग्सले कोमन की तरफ से आया जिसके दम पर अल नस्र ने 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। दमाक की तरफ से मुकाबले का पहला गोल 57वें मिनट में मोर्ले स्लैया की तरफ से और मैच 2-1 पर आ गया। यहां से क्रिस्टियानो रोनाल्डो का जादू देखने को मिला जिन्होंने मुकाबले को एकतरफा करने में अहम भूमिका अदा की और खेल के 62वें और फिर 80वें मिनट में गोल करने के साथ अल नस्र को 4-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की।

अल नस्र ने इस मैच में जीत के साथ सऊदी प्रो लीग 34 मैचों में 86 अंकों के साथ पहली पोजीशन को हासिल किया।

# विनेश फोगाट को दिल्ली हाईकोर्ट से मिली राहत अयोग्य घोषित करने पर WFI को लगाई फटकार

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने 22 मई को भारतीय कुश्ती महासंघ को फटकार लगाई है। WSÙI ने पहलवान विनेश फोगाट को घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था। कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह फोगाट का मूल्यांकन करने के लिए एक विशेषज्ञ पैनल बनाए और उसके बाद टूर्नामेंट में उनके हिस्सा लेने पर फैसला किया जाए।



न्यूज एजेंसी के मुताबिक चीफ जस्टिस डी.के. उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने केंद्र सरकार को आदेश दिया कि वे विनेश फोगाट को आने वाले एशियन गेम्स के सिलेक्शन ट्रायल में शामिल होने की मंजूरी दें। अदालत ने यह भी कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ (WSÙI) का बड़े खिलाड़ियों को मौका न देना, उनकी नीयत पर सवाल खड़े करता है। अदालत ने इस दौरान ये भी कहा कि हमारे देश में मां बनने (मातृत्व) का सम्मान किया जाता है, इसलिए सरकार को बदले की भावना से काम नहीं करना चाहिए। हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार से मौखिक रूप से कहा कि स्पेशलिस्ट लोगों की एक टीम बनाकर फोगाट की क्षमता की जांच करवाएं और यह पक्का करें कि वह इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकें।

यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब भारतीय कुश्ती संघने विनेश फोगाट पर अनुशासनहीनता और नियमों का पालन न करने का आरोप लगाकर उन पर जून तक घरेलू मैचों में खेलने से रोक लगा दी थी। विनेश ने इस रोक के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाई कोर्ट ने कहा कि विवाद चाहे जो भी हो, खेल और खिलाड़ियों का हित सबसे ऊपर होना चाहिए।

कुश्ती संघ का आरोप है कि विनेश ने नियमों को तोड़ा और अनुशासनहीनता की। संघ के मुताबिक, संन्यास (रिटायरमेंट) से वापस आने वाले खिलाड़ी को 6 महीने पहले सूचना देनी होती है, जो विनेश ने नहीं दी थी।

# सीएसके को पहले मिली शर्मनाक हार, अब बीसीसीआई ने कप्तान समेत पूरी टीम पर लगाया जुर्माना

नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस के खिलाफ एक शर्मनाक हार के साथ ही ढ्ढक्करु 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स का सफर खत्म हो गया है। चेन्नई की पूरी टीम इस हार से अभी तक उबर भी नहीं पाई थी कि उन्हें एक और झटका लगा है। बीसीसीआई ने गुजरात के खिलाफ मैच के बाद चेन्नई के कप्तान समेत पूरी टीम पर जुर्माना ठोक दिया। उन्हें इस मैच में स्लो ओवर रेट का दोषी पाते हुए भारी जुर्माना थमाया गया है। चेन्नई की टीम से ये गलती इस सीजन दूसरी बार हुई है, इसी वजह से उनके ऊपर बड़ा फाइन लगा है।



आईपीएल के इस सीजन में चेन्नई की टीम ने दूसरी बार स्लो ओवर रेट की गलती दोहराई है। इससे पहले सीजन के 18वें मैच में भी टीम निर्धारित समय में ओवर नहीं फेंक पाई थी। न्यूनतम ओवर गति से जुड़े आचार संहिता के नियम 2.22 के तहत, इस बार कप्तान गायकवाड़ पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगा है। सिर्फ कप्तान ही नहीं, बल्कि इम्पैक्ट प्लेयर समेत टीम के बाकी सभी खिलाड़ियों पर भी एक्शन लिया गया है। उन सभी पर 6 लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 25त्न (दोनों में से जो भी राशि कम हो) जुर्माना ठोका गया है।

ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल 2026 में बुरी तरह नाकाम रही। टीम इस सीजन में खेले गए 14 मैचों में से महज 6 मुकाबले ही जीत सकी। 12 पॉइंट और -0.345 के खराब नेट रन रेट की वजह से सीएसके इस बार प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई। यह लगातार तीसरा सीजन है जब चेन्नई की टीम आईपीएल के प्लेऑफ में जगह बनाने से चूक गई। चेन्नई की टीम ने अपना आखिरी आईपीएल साल 2023 में एमएस धोनी की कप्तानी में जीता था। आपको बता दें कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ 89 रनों की हार ये आईपीएल इतिहास में चेन्नई के लिए रनों के हिसाब सबसे बड़ी हार है।

# भारत बनाम अफगानिस्तान सीरीज के शेड्यूल में बदलाव, अब नई तारीख में होगा मैच

नई दिल्ली। भारत और अफगानिस्तान के बीच सीरीज खेली जाएगी। पहले एक टेस्ट मैच होगा, इसके बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। बीसीसीआई की ओर से सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। इस बीच पहले जो शेड्यूल जारी किया गया था, उसमें थोड़ा सा बदलाव हुआ है। सीरीज के दौरान कुल मिलाकर चार मैच होंगे, लेकिन एक ही मैच की तारीख बदली है। नई तारीख अभी से नोट कर लीजिए, नहीं तो आपका मैच छूट भी सकता है।



टीम इंडिया जल्द ही फिर से इंटरनेशनल क्रिकेट के लिए मैदान में उतरने जा रही है। भारत बनाम अफगानिस्तान सीरीज का आगाज 6 जून से होना है। इसी दिन से टेस्ट मुकाबला शुरू होगा, जो कि न्यू चंडीगढ़ में खेला जाएगा। मैच अगर पूरे पांच दिन चला तो ये 10 जून तक चल सकता है। इसकी तारीख में कोई बदलाव नहीं है, यानी जो पहले था, वही अब है। वनडे सीरीज का आगाज 13 जून से होने जा रहा है। पहले इस मैच की तारीख 14 जून दिन ?रविवार रखी गई थी, लेकिन अब किन्हीं कारणों से इसमें बदलाव हुआ है। बीसीसीआई ने जब टीम का ऐलान किया था, तभी इस बारे में जानकारी दे दी थी। हालांकि मैच का वेन्यू नहीं बदला है, जो धर्मशाला है।

इसके बाद वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला 17 जून को खेला जाएगा। ये मैच लखनऊ में खेला जाएगा। इसके बाद वनडे सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच 20 जून को खेला जाना है। जो चेन्नई में होगा। यानी इन दोनों मैचों की तारीख में कोई बदलाव नहीं है। केवल पहले ही मैच की तारीख बदली है। बाकी पूरा शेड्यूल पहले जैसा ही रहने वाला है। इसका ख्याल रखिएगा।

# जीत के जश्न में डूबी जीटी को एसआरएच डर!



नई दिल्ली। 2026 का लीग स्टेज अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। लीग स्टेज में अब आखिरी कुछ मुकाबले बचे हुए हैं। 22 मई को जारी सीजन में RCB और स्क्र॥के बीच मैच खेला जाएगा। वहीं 21 मई को खेले गए मैच में गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को 89 रनों से मात दी। यह त्रञ्ज के लिए आईपीएल इतिहास की रनों के हिसाब से सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के साथ ही गुजरात की टीम फिलहाल पॉइंट्स टेबल में टॉप-2 में मौजूद है, लेकिन लीग चरण के समाप्त होने तक भी त्रञ्ज टॉप-2 में रहेगी या नहीं, इसको लेकर अभी कुछ भी कहा नहीं जा सकता। गुजरात की टीम पर टॉप-2 से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है।

सनराइजर्स हैदराबाद की टीम गुजरात टाइटंस को पॉइंट्स टेबल में टॉप-2 से बाहर कर सकती है। स्क्र॥13 मैचों में 16 अंकों के साथ तीसरे पायदान पर है। आज उनका लीग स्टेज का आखिरी मुकाबला टेबल टॉपर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ है। हैदराबाद की टीम पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। लेकिन आज उनकी नजरें आरसीबी को हराकर टॉप-2 में जगह बनाने पर होगी। चलिए अब हम आपको बताते हैं कि हैदराबाद की टीम को टॉप-2 में जगह बनाने के लिए क्या करना होगा। अगर सनराइजर्स हैदराबाद की टीम आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में पहले बैटिंग करते हुए 220 रन बोर्ड पर लगाती है तो उन्हें नेट रन रेट के मामले में त्रञ्ज से आगे निकलने के लिए 88 रनों से जीत दर्ज करनी होगी। वहीं अगर वह 200 रन डिफेंड कर रहे हैं तो उन्हें 87 रनों से जीत दर्ज करनी होगी। सनराइजर्स हैदराबाद के सामने आरसीबी अगर 150 रन का टारगेट सेट करती है तो हैदराबाद को यह टारगेट लगभग 11.3 ओवर के अंदर चेज करना होगा।

# मोहम्मद रिजवान की हुई छुट्टी, वनडे सीरीज के लिए हुआ टीम का ऐलान

नई दिल्ली। 30 मई 2026 से पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज के लिए पाकिस्तान ने अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। इस सीरीज के लिए क्चष्क्क ने 16 सदस्यीय टीम का चयन किया है, जिसमें उन्होंने 3 नए चेहरे को शामिल किया है। इस बीच सेलेक्टर्स ने एक बड़ा फैसला लेते हुए पाकिस्तान के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को इस टीम में जगह नहीं दी है। रिजवान अब टी20 के बाद वनडे टीम से भी बाहर हो गए हैं।



अहमद दानियाल, अराफात मिन्हास और रोहेल नजीर ये तीन खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने अभी तक पाकिस्तान के लिए ह्रष्ठढ्ढ क्रिकेट नहीं खेला है। उन्हें पहली बार पाकिस्तान की वनडे टीम में शामिल किया गया है। शाहीन अफरीदी इस सीरीज में भी पाकिस्तान की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। वहीं बाबर आजम, नसीम शाह, शादाब खान और सुफियान मुकीम, जो मार्च में बांग्लादेश के खिलाफ खेली गई सीरीज का हिस्सा नहीं थे, उन्हें इस सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है।

उस्मान खान बीमार होने की वजह से इस सीरीज का हिस्सा नहीं बन पाए और उनकी गैरमौजूदगी में मुहम्मद गाजी गोरी और रोहेल नजीर को टीम में दो विकेटकीपर-बल्लेबाज के तौर पर शामिल किया गया है। फखर जमान और सैम अयूब पर भी चयन के लिए विचार नहीं किया गया, दोनों खिलाड़ी अभी भी चोट से पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं और क्चष्क्क मेडिकल पैनल की देखरेख में दोनों प्लेयर्स रिहैब कर रहे हैं। इस सीरीज के शेड्यूल की बात करें तो पहला मैच 30 मई को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं सीरीज का दूसरा मुकाबला 02 जून और तीसरा मुकाबला 04 जून को गद्दाफी स्टेडियम लाहौर में होगा। वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की मेंस टीम 23 मई को इस्लामाबाद पहुंचेगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**होर्मुज में जहाजों से फीस वसूलने की.....**

ओमान खाड़ी देशों और अमेरिका के साथ इस योजना को आगे बढ़ाने की कोशिश कर सकता है। ट्रम्प बोले- जंग के अलावा कोई विकल्प नहीं था: ट्रम्प ने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए अमेरिका के पास युद्ध के अलावा कोई विकल्प नहीं था। उन्होंने दावा किया कि होर्मुज में खड़े 1600 तेल जहाज जल्द निकलेंगे, जिससे तेल की कीमतें गिरेंगी। अमेरिका की धमकियों के बीच ईरान ने दावा किया कि उसके पास कई आधुनिक और अनटेस्टेड हथियार मौजूद हैं। ईरानी सैन्य सूत्रों ने कहा कि अगली बार हमला हुआ तो जवाब बिना किसी संयम के दिया जाएगा।

**भारत का तीसरा सबसे बड़ा तेल सप्लायर....**

की वजह से ईरान के बंदरगाहों से सप्लाई रुक गई। इराक से कुछ सप्लाई दोबारा शुरू हुई है, लेकिन वह भी फरवरी के मुकाबले बहुत कम है। मई में अब तक भारत को इराक से सिर्फ करीब 51 हजार बैरल प्रतिदिन तेल मिला, जबकि फरवरी में यह करीब 9.69 लाख बैरल प्रतिदिन था। सऊदी अरब की सप्लाई में भी भारी गिरावट आई है। अप्रैल में भारत को सऊदी अरब से 6.7 लाख बैरल प्रतिदिन तेल मिला था, जो मई में घटकर करीब 3.4 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया। केप्लर के मुताबिक इसकी वजह सऊदी तेल की बढ़ी कीमतें हैं, यानी भारतीय कंपनियों को वेनेजुएला का तेल ज्यादा सस्ता पड़ रहा है। भारत ने ईरान युद्ध शुरू होने के बाद रूसी तेल पर अपनी निर्भरता और बढ़ा दी है। इसकी बड़ी वजह पश्चिम एशिया से आने वाली सप्लाई में भारी गिरावट है। मार्च में भारत को मिडिल ईस्ट से मिलने वाला कच्चा तेल फरवरी के मुकाबले 61त्न गिरकर 11.8 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया। वहीं इसी दौरान रूस से सप्लाई लगभग दोगुनी होकर करीब 23 लाख बैरल प्रतिदिन पहुंच गई। भारतीय रिफाइनरियों ने ईरान और खाड़ी देशों से कम हुई सप्लाई की भरपाई रूसी तेल से की। द इंडिपेंडेंट के मुताबिक जो रूसी तेल पहले भारत को डिस्काउंट पर मिलता था, अब वही प्रीमियम कीमत पर बेचा जा रहा है। यानी ईरान युद्ध के बाद बने हालात का रूस को बड़ा फायदा हुआ है और उसे ज्यादा मुनाफा मिल रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज अगले हफ्ते भारत आ सकती हैं। माना जा रहा है कि इस दौरान तेल आपूर्ति को लेकर बातचीत होगी। करीब 303 अरब बैरल तेल भंडार के साथ वेनेजुएला दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार वाला देश माना जाता है। यह भंडार सऊदी अरब और अमेरिका से भी ज्यादा है। हालांकि वर्षों तक अमेरिकी प्रतिबंधों और सरकारी कुप्रबंधन की वजह से वहां तेल उत्पादन बुरी तरह प्रभावित रहा। अब अमेरिका और वेनेजुएला दोनों कोशिश करेंगे कि भारत के साथ ऐसा समझौता हो जाए, जिससे वेनेजुएला से तेल निर्यात में आई यह तेजी आगे भी जारी रह सके।

**पेपर लीक मामले में 11वीं गिरफ्तारी....**

गौरतलब है कि 3 मई को आयोजित नीट परीक्षा को पेपर लीक के आरोपों के बाद 12 मई को रद्द कर दिया गया था। अब इसकी दोबारा परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी। इसी दिन शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की शिकायत पर सीबीआई ने मामला दर्ज किया था। सीबीआई के अनुसार अब तक दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे, लातूर और अहिल्यानगर से कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एजेंसी ने दावा किया है कि जांच में पेपर लीक के असली स्रोत तक पहुंच बनाई जा चुकी है। साथ ही उन बिचौलियों की भी पहचान कर गिरफ्तारी की गई है, जो लाखों रुपये लेकर छात्रों को विशेष कोचिंग कक्षाओं में लीक प्रश्न उपलब्ध कराते थे।

**दिल्ली हाईकोर्ट से उमर खालिद....**

साथ अपनी मां के प्री और पोस्ट सर्जरी के लिए उनके साथ रहना पड़ेगा। खालिद की मां की सर्जरी 2 जून को होगी। ट्रायल कोर्ट ने बीते 19 मई को उमर खालिद की याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट में इस फैसले को चुनौती दी। सीनियर एडवोकेट त्रिदीप पाइस ने उमर खालिद के पक्ष में कहा है कि उन्हें पहले भी बहन की शादी के लिए अंतरिम जमानत मिल चुकी है। दिल्ली पुलिस के वकील का कहना था कि, खालिद की मां की सर्जरी छोटी है, और उनका ख्याल रखने के लिए उनकी बहनें भी हैं।

**बैज बोले- टीएस बाबा दिल्ली में करें काम....**

अपने जिले की सीटें भी कांग्रेस नहीं बचा पाई और लोकसभा चुनाव में भी हार मिली। साथ ही छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार भी दोबारा नहीं बना पाई। सिंहदेव ने कहा कि हर कांग्रेसी की पहली जिम्मेदारी अपने कार्यक्षेत्र में संगठन और लोगों को मजबूत करना है। प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम ने दीपक बैज और टीएस सिंहदेव के बयानों को लेकर कहा कि कांग्रेस का अंतर्कलह गाहे-बगाहे सार्वजनिक हो जाता है। सिंहदेव को प्रदेश के नेता पचा नहीं पा रहे हैं। सिंहदेव बाकी नेताओं को पचा नहीं पा रहे हैं। सिंहदेव को कांग्रेस ने यूज किया। कांग्रेस यूज एंड थ्रो की राजनीति करती है। नेताम ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी थी, उसमें सरगुजा महाराज (टीएस सिंहदेव) की बड़ी भूमिका रही। हम सब लोगों को निबटाने में भी उनका बड़ा योगदान था। इसका खामियाजा उन्ही को भुगतना पड़ा। नेताम ने सिंहदेव को सतर्क हो जाने की भी सलाह दी है।

**पीएम नरेन्द्र मोदी को झालमुड़ी खिलाने....**

झारखंड की सीमा से सटे झाड़ग्राम जिले में चुनावी रैली को संबोधित करने के बाद पास में स्थित विक्रम साहू की दुकान पर जाकर 10 रुपये की झालमुड़ी खरीदकर खाई थी। जिसके बाद विक्रम साहू रातोंरात सुर्खियों में आ गए थे। झालमुड़ी की खरीदारी के दौरान दुकानदार विक्रम साहू और पीएम मोदी के बीच हुई बातचीत पूरे चुनाव में चर्चा का विषय बन गई थी। हालांकि, रातोंरात मिली यह शोहरत अब उसके लिए मुसीबत बन गई है। साहू ने कहा कि जो लोग मुझे वीडियो काल कर रहे हैं, वे मुझे डराने के लिए खौफनाक इशारे कर रहे हैं और हथियार भी दिखा रहे हैं। मुझे चेतावनी दी जा रही है कि तुम्हें इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। साहू ने बताया कि उसने कई काल नहीं उठाए लेकिन फोन की घंटी बजनी बंद नहीं हुई। फोन करने वाले उसे गालियां भी दे रहे हैं और अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। वे मुझसे पूछते हैं, तुम जिंदा हो या मर गए?

**ईरान युद्ध का भारत पर हुआ असर.....**

संवेदनशील माने जा रहे हैं क्योंकि वैश्विक स्तर पर युद्ध और भू-राजनीतिक तनाव लगातार बढ़ रहे हैं। कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का असर भी भारत जैसे आयात पर निर्भर देशों पर पड़ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर विदेशी निवेश लगातार घटता रहा तो रुपये पर दबाव और बढ़ सकता है। यही वजह है कि RBI पहले से तैयारी में जुट गया है ताकि बाजार में घबराहट को रोका जा सके। आर्थिक जानकारों के मुताबिक 2013 में RBI की रणनीति काफी हद तक सफल रही थी। डॉलर बेचकर बाजार में तरलता बनाए रखी गई और रुपये की गिरावट को नियंत्रित किया गया। अब एक बार फिर RBI उसी मॉडल को नए तरीके से लागू करने की तैयारी में है। आने वाले दिनों में केंद्रीय बैंक के कदम यह तय करेंगे कि रुपये की गिरावट कितनी तेजी से रुक पाती है और भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसका कितना असर पड़ता है।

**अगर माता-पिता आईएएस अधिकारी हैं....**

अधिकारियों ने पाया कि याचिकाकर्ता के माता पिता दोनों ही सरकारी कर्मचारी थे और उनकी संयुक्त आय निर्धारित क्रीमी लेयर सीमा से अधिक थी। याचिकाकर्ता को क्रीमी लेयर मे वर्गीक्रत करने का आधार उसके माता पिता की आय थी। वे दोनों ही वेतनभोगी कर्मचारी थे और कथित तौर पर उनकी संयुक्त आय 800000 (आठ लाख) रुपये से अधिक थी। परिणामस्वरूप याचिकाकर्ता को जारी किया गया जाति प्रमाणपत्र रद कर दिया गया, जिसमें उसे कुरुबा समुदाय का सदस्य प्रमाणित किया गया था। इससे पहले जनवरी 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने एक अलग मामले में मध्य प्रदेश में भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के बच्चों को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित लाभों से बाहर रखने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि स्टेट बैंक बनाम दविंदर सिंह के मामले में सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ द्वारा अगस्त 2024 में दिए गए फैसले में एससी और एसटी कोटे से क्रीमी लेयर को बाहर रखने का जो जिक्र किया गया था, वह केवल एक राय थी, इस संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार विधायिका के पास है।

**घरेलू विवाद के चलते दंपती ने की....**

हुआ है, जिसके बारे में माना जा रहा है कि इसे पत्नी चंचल ने लिखा है। इस सुसाइड नोट में उसने अपने पति के साथ चल रहे विवादों का जिक्र किया है। इसी विवाद को इस भयानक कदम के पीछे की वजह माना जा रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि दंपति ने फांसी लगाने से पहले अपने दोनों बच्चों की हत्या की है। फिलहाल सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस इस पूरी घटना के पीछे की सटीक परिस्थितियों और कारणों का पता लगाने के लिए मामले की गहन जांच कर रही है।

**ईरान तनाव के बीच डोनाल्ड....**

व्हाइट हाउस निराश है। रुबियो ने कहा- यह मुद्दा आज यहां नहीं सुलझेगा। इसे लीडर्स लेवल पर बात करके तय करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि कोई भी रिश्ता तभी टिकता है जब उसमें सबका फायदा हो। नाटो के यूरोपीय सदस्य देश अब ज्यादा जिम्मेदारी लेने को तैयार दिख रहे हैं। वे कह रहे हैं कि यूरोप की क्षेत्रीय सुरक्षा और हॉर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आजादी बनाए रखने के लिए वे और योगदान देंगे।

# गंडई नगर के खस्ताहाल सड़क को सुधारने विभाग नहीं दे रहा ध्यान...!



✦नागरिकों ने दी आंदोलन की चेतावनी ✦ हिचकोले खाते चल रहे वाहन ✦चालक, दुर्घटना की आशंका बढ़ी ✦व्यस्ततम मार्ग की बदहाल स्थिति

**गंडई पंडरिया (दावा)। केसीजी जिला बनने के बाद भी नगर की हालत नहीं सुधर पा रही है इससे नगरवासियों में आक्रोश छाया हुआ है। एक भी ऐसा कोई काम जिला स्तर का देखने को नहीं मिल रहा है। यहां तक कि मूलभूत सुविधाएं बिजली, सड़क, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य बदहाल स्थिति में है। गंडई की सड़कों का तो हाल -बेहाल है, कई मर्तबा ध्यान आकृष्ट कराए जाने के बावजूद नगर के खस्ता हाल सड़कों को सुधारने की दिशा में विभाग द्वारा कोई सकारात्मक पहल नहीं किए जाने से आक्रोशित नगरवासियों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। जानकारी के अनुसार नगर के पंडरिया पहुंच मार्ग की हालत बेहद खराब है।**

जगह-जगह गड्ढे हो जाने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। इसकी शिकायत लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से की गई है। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। उल्लेखनीय है कि गंडई से पंडरिया दो किलोमीटर की सड़क पूरी तरह से गड्ढे में तब्दील हो गई है। इसके कारण इस मार्ग में आने जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। लोगों ने परेशानी गिनाते हुए बताया कि नगर की सबसे व्यस्त मार्ग की हालत देखने के बाद अधिकारी सुध नहीं ले रहे हैं। नगर सहित ग्रामीणों की भी आवाजाही इसी सड़क से होती है। इसका निर्माण 4 वर्ष पूर्व लोक निर्माण विभाग के द्वारा कराया गया था। जिला बनने के बाद भी मुख्य सड़कें जस की तस है। कई सड़कें बन रही हैं परंतु इस ओर विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। गंडई से पंडरिया मार्ग में नगर की मुख्य दुकानें है इनके संचालक बारिश के दिनों में गड्ढे और सूखे के दिन में धूल से परेशान रहते हैं। इस प्रकार से नगर के लोगों को परेशानियों का सामना करना पढ़ रहा है। इसके बाद भी लोक निर्माण विभााग के अधिकारी लोगों की परेशानियों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

नगर के पंडरिया - कोपेभाठा -मुख्य चौक - टिकरापारा मार्ग का हाल बेहाल है। मुख्य चौक से पंडरिया तक का मार्ग में भारतीय स्टेट बैंक, जिला सहकारी बैंक, सामुदायिक स्वास्थ्य, पीएमश्री शासकीय विद्यालय, शासकीय कन्या विद्यालय सहित तीन निजी विद्यालय एवं दो शासकीय प्राथमिक शाला स्थित है। इस प्रकार प्रतिदिन सैकड़ों बच्चे नगर एवं गांव से पढ़ाई के लिए आते है। जो मुख्य मार्ग से गुजरते हुए विद्यालय आते-जाते हैं।

### हजारों लोग करते हैं आवाजाही

गंडई में मुख्य मार्ग से हजारों लोग आवाजाही करते है। गौर करने वाली बात है कि जिला प्रशासन को जिला बनने के बाद गंडई की चिंता ही नहीं है। गंडई की स्थिति जिला बनने के पहले से भी बद से बदतर हो गई है। जबकि प्रति सप्ताह टीएलई की बैठक के तमाम अधिकारी विभागों की समीक्षा करते है। अधिकारी पता नहीं कौन से बात की चर्चा बैठक में करते है।

### सड़कें हो जाती है पानी से लबालब

नगर का मुख्य मार्ग बारिश होते ही पानी से लबालब हो जाता है। पहला नजारा - स्टेट बैंक के सामने तो बारिश होते ही तालाब दिखाई देने लगता है। दूसरा नजारा - बारिश होते ही नगर के रावण मैदान के सामने से ढाबा - कटंगी मार्ग के गढ्ढों में पानी भर जाता है। जिससे नगर एवं ग्रामवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। तीसरा नजारा - जिले की आराध्य देवी मां गंगई के सामने भी तालाब जैसा नजारा रहता है। नगर के सड़कों के गढ्ढे बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे है। टिकरीपारा मार्ग का भी यही हाल है। इस प्रकार बारिश के मौसम में गंडई में चलना दूभर हो जाता है।

*वर्जन -: ठेकेदार को नोटिश भेजा गया है अभी तक कोई जवाब नहीं मिला एक-दो दिन में नए टेंडर के लिए प्रक्रिया किया जाएगा।*

*- रितेंद्र गजपाल एसडीओ पीडब्ल्यूडी छुईखदान*

# गुण्डरदेही में नाली निर्माण का भूमिपूजन संपन्न, ग्रामीणों में खुशी की लहर



गुंडरदेही (दावा)। ग्रामवासियों की वर्षों पुरानी मांग आज पूरी हुई। ग्राम में नवनिर्मित होने वाली नाली के निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधि-विधान से संपन्न हुआ।

गुरुवार को आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम क्षेत्र के जनपद सदस्य संदीप मेश्राम ग्राम के गणमान्य नागरिक, ग्राम पंचायत सरपंच रवि नेताम, हरि साहू, संजय साहू, राजेश कौशिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद मुख्य अतिथियों ने फावड़ा चलाकर निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। ग्रामवासियों ने बताया कि बरसात के दिनों में नाली नहीं हो ने पर भारी परेशानी होती थी। बच्चों को स्कूल जाने एवं बीमारों को अस्पताल ले जाने में दिक्कत होती थी। नई नाली बनने से अब ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। सभी ने निर्माण कार्य को तय समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने का अनुरोध किया।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर कांग्रेस ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



आधुनिक भारत के अग्रदूत थे राजीव जी : अरुण भारद्वाज

खैरागढ़ (दावा)। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी के 34वें बलिदान दिवस पर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा विधायक निवास में एक गरिमापूर्ण श्रद्धांजलि सभा एवं आतंकवाद विरोध दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने स्वर्गीय राजीव गांधी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके साथ ही सभी ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर राष्ट्र की एकता, अखंडता और शांति बनाए रखने की सामूहिक शपथ ली।

### राजीव गांधी ने लोकतंत्र को गांव-गांव तक पहुंचाया : विधायक यशोदा वर्मा

कार्यक्रम को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक श्रीमती यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने स्वर्गीय राजीव गांधी के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और विदेश नीति के क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को छुआ। देश में पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत कर लोकतंत्र को जमीनी स्तर पर यानी गांव-गांव तक पहुंचाने में उनकी ऐतिहासिक भूमिका रही। विधायक ने कहा कि आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है और इसके खिलाफ समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर खड़ा होना होगा। उनका बलिदान देश की एकता के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरुण भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माण के असली अग्रदूत थे। उन्होंने देश को 21वीं सदी की आधुनिक सोच दी। तकनीक, डिजिटल संचार, शिक्षा और पंचायती राज व्यवस्था के जरिए उन्होंने भारतीय लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने का ऐतिहासिक कार्य किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने उनके बताए आदर्शों पर चलने और देश की शांति, सद्भाव एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहने का संकल्प दोहराया।

# एक सप्ताह में दूसरी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम, जनता में भारी आक्रोश

महंगाई पर केंद्र सरकार पूरी तरह विफल : विष्णु लोधी बढ़ोतरी से खेती-किसानी की लागत बढ़ी

डोंगरगढ़ (दावा)। केंद्र सरकार द्वारा एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में की गई बढ़ोतरी के बाद देश की आम जनता, किसानों, मजदूरों, युवाओं और मध्यम वर्गीय परिवारों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

ईंधन के दामों में लगभग 90 पैसे प्रति लीटर की इस ताजा वृद्धि ने आम आदमी की जेब पर महंगाई का एक नया बोझ डाल दिया है। विपक्ष का आरोप है कि पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतें यह साबित करती हैं कि सरकार को जनता की जमीनी परेशानियों से कोई सरोकार नहीं रह गया है।

### ईंधन महंगा होने से खेती करना हुआ और भी कठिन

छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु



लोधी ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि आज देश का हर वर्ग कमरतोड़ महंगाई से कराह रहा है। उन्होंने विशेष रूप से किसानों की बदहाली का जिक्र करते हुए कहा कि पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से देश का अन्नदाता सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है।

विष्णु लोधी ने कहा कि डीजल महंगा होने के कारण ट्रैक्टर, सिंचाई पंप और हार्वेस्टर चलाने का खर्च काफी बढ़ गया है। खेती-किसानी से जुड़े सभी आवश्यक कार्यों की इनपुट लागत (लागत मूल्य) में भारी इजाफा हुआ है। जो किसान पहले से ही आर्थिक संकट और कर्ज के जाल में फंसे हुए हैं। उनके सामने अब खेती को जारी रखना और भी चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है।

### उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने का आरोप

वरिष्ठ नेता विष्णु लोधी ने सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार केवल बड़े उद्योगपतियों और कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने की नीतियों पर काम कर रही है। जबकि देश की आम जनता और गरीब वर्ग महंगाई की इस भीषण आग में झुलसने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि ईंधन की दरों में की गई इस मनमानी बढ़ोतरी को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। अन्यथा जनता सड़कों पर उतरने को विवश होगी।

# बेटियों से दरिंदगी और हत्या के मामलों में अपराधियों को मिले मृत्युदंड, जीवनदान सेवा संस्था ने सौंपा ज्ञापन

कानून व्यवस्था सख्त करने और फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई की मांग; राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर और रायगढ़ की वीभत्स घटनाओं को लेकर फूटा गुस्सा



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश में लगातार बढ़ रहे दुष्कर्म और निर्मम हत्या के मामलों को लेकर आम जनता और सामाजिक संगठनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। बेटियों के साथ हो रही क्रूरता और जघन्य अपराधों पर अंकुश लगाने, कानून व्यवस्था को सख्त करने और अपराधियों को तत्काल मृत्युदंड देने की मांग को लेकर जीवनदान सेवा संस्था ने मोर्चा खोल दिया है। संस्था ने पीड़ित परिवारों और ग्रामीणों के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, राज्यपाल, मुख्य सचिव, जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक (एसपी) के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा है।

### हाईकोर्ट द्वारा फांसी की सजा को उम्रकैद में बदलने पर जताई चिंता

जीवनदान सेवा संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी संस्था साल 2020 से बेटियों की सुरक्षा और उन्हें न्याय दिलाने के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। संस्था के प्रयासों से पूर्व में राजनांदगांव जिला न्यायालय ने दो बलात्कारियों को फांसी की सजा सुनाई थी। लेकिन, बिलासपुर हाईकोर्ट में एक अपराधी को आदिवासी अनुसूचित जनजाति का होने का हवाला देकर और दूसरे को रेयर ऑफ रेयरेस्ट (दुर्लभ से दुर्लभतम) की श्रेणी में नहीं मानते हुए इस सजा को उम्रकैद में तब्दील कर दिया गया। संस्था का साफ कहना है कि हमारी न्याय व्यवस्था से किसी न किसी तरह अपराधियों को मिलने वाली ऐसी रियायतों के कारण ही उनके हौसले बुलंद हो रहे हैं और अपराध बढ़ रहे हैं।

### हालिया वीभत्स घटनाओं का दिया हवाला, व्यवस्था पर उठाए सवाल

संस्था ने लोगों को जागरूक करते हुए रायपुर के मंदिर हसौद थाने के अंतर्गत दो वर्ष पूर्व रक्षाबंधन के दिन हुई दिलदहला देने वाली घटना का जिक्र किया, जहां दो सगी बहनों के साथ उनके मंगेतर के सामने दुष्कर्म किया गया था। इस घटना के आरोपी वारदात से महज 14 दिन पहले ही एक अन्य दुष्कर्म के मामले में जेल से बाहर आए थे और दोबारा वैसी ही घटना को अंजाम दिया। इसके साथ ही सौंपे गए ज्ञापन में प्रदेश में हाल ही में हुई कई वीभत्स और झकझोर देने वाली घटनाओं को रेखांकित किया गया है कि करीब एक माह पूर्व एक 13 वर्षीय मासूम बच्ची और 26 वर्षीय युवती की निर्मम हत्या कर दी गई। रायगढ़ में पति के सामने ही उसकी पत्नी के साथ अनाचार की वारदात को अंजाम दिया गया। दुर्ग में एक 5 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसे बोरे में भरकर खंडहर में फेंक दिया गया। अंबिकापुर में यहां भी दिल्ली के बहुचर्चित निर्भया कांड जैसी खौफनाक और दिल दहला देने वाली वारदात को अंजाम दिया गया।

### सुधार न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी, समाज आया आगे

ठेलकाडीह थाना क्षेत्र सहित पूरे छत्तीसगढ़ की बेटियों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से सौंपे गए इस ज्ञापन के दौरान भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। संस्था ने कड़ी चेतावनी दी है कि ऐसे संवेदनशील मामलों की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट (त्वरित न्यायालय) में चलाकर दरिंदों को तुरंत फांसी दी जाए। न्याय व्यवस्था में जमीनी सुधार बेहद जरूरी है। अन्यथा आने वाले समय में संस्था आम जनता के साथ मिलकर पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।

### आंदोलन में समाज और विभिन्न संगठनों का मिला साथ

इस बड़े प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान पीड़ित परिवारों के साथ पूरे ग्रामवासी, जीवनदान सेवा संस्था के सदस्य, हिंदू जागरण मंच के जिला प्रमुख सुशील लड्डा की टीम और जिला लोधी समाज के अध्यक्ष उत्तम जंघेल के नेतृत्व में लोधी समाज के लोग मुख्य रूप से शामिल हुए। संस्था ने सभी माता-पिता से भी भावुक अपील की है कि वे अपनी बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए आगे आएं और ऐसी घटनाओं के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएं।

# आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

इसके तहत राजनांदगांव तहसील में अतिवृष्टि से 24 मकान आंशिक क्षति होने पर 96 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 1 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 1 लाख 20 हजार रूपए, तालाब के पानी में डूबने से 2 जनहानि होने पर 8 लाख रूपए, नदी के पानी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, सर्पदंश से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए एवं डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 5 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 6 लाख रूपए, अतिवृष्टि से 8 मकान आंशिक क्षति होने पर 32 हजार रूपए, तालाब के पानी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, सर्पदंश से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए तथा छुरिया तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 5 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 6 लाख रूपए, अतिवृष्टि से 2 मकान आंशिक क्षति होने पर 8 हजार रूपए और डोंगरगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 2 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 2 लाख 40 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 1 मकान आंशिक क्षति होने पर 4 हजार रूपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# प्राक्कयन परीक्षा : दावा-आपत्ति आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों अंतर्गत सत्र 2026-27 के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्कयन परीक्षा का मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाईट https://eklavya.cg.nic.in पर प्रदर्शित किया गया है। जारी मॉडल उत्तर के संबंध में 30 मई तक स्वयं उपस्थित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बिना प्रमाण के दावा-आपत्ति को पूर्णतः अमान्य किया जाएगा। प्राप्त दावा आपत्ति के परीक्षण पश्चात विशेषज्ञों द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# नोडल अधिकारी के सहयोग हेतु कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

राजनांदगांव (दावा)। नगरपालिकाओं के आम व उप निर्वाचन 2026 के निर्वाचन हेतु ईव्हीएम को 29 मई तथा एसडीपीसी का कार्य 30 मई 2026 को किया जाएगा। ईव्हीएम से संबंधित समस्त कार्य हेतु डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी के सहयोग हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिन्हें ईव्हीएम रिटर्निंग ऑफिसर को उपलब्ध कराने एवं प्रशिक्षण हेतु ईव्हीएम उपलब्ध कराने का दायित्व सौंपा गया है। नोडल अधिकारी के सहयोग हेतु सहायक ग्रेड 2 जिला कार्यालय महेश देवांगन, सहायक ग्रेड 3 जिला कार्यालय सौरभ साहू, सहायक ग्रेड 3 आदिम जाति कल्याण विभाग विकास सोनवानी, भृत्य विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव राघवेन्द्र साहू की ड्यूटी लगाई गई है।

# सेवानिवृत्त आईएएस जी.आर. चुरेन्द्र बने अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज के केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष

बालोद (दावा)। सेवानिवृत्त आईएएस एवं सुप्रसिद्ध समाज सेवक श्री गोविंद राम चुरेन्द्र अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज के केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए गए हैं। जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम पाकुरभाट के चुरगियां मांगलिक भवन में 17 मई 2026 को विशाल संख्या में सामाजिक जनों की उपस्थिति में संपन्न निर्वाचन कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त आईएएस श्री चुरेन्द्र प्रचंड मतों से हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज के केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि निर्वाचन के दौरान श्री चुरेन्द्र के पक्ष में 150 मत प्राप्त हुए एवं उनके प्रतिद्वंदी श्री टेकराम भण्डारी को सिर्फ 12 मत ही प्राप्त हो सका। श्री जीआर चुरेन्द्र को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उनके अप्रीतम कार्य कुशलता, बहुत ही नम्र, मधुर एवं आत्मीय व्यवहार एवं समाज के प्रति उनके योगदान के फलस्वरूप प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि श्री जीआर चुरेन्द्र आदिवासी समाज के अलावा सर्व समाज में बहुत ही लोकप्रिय नाम है। उन्हें बालोद जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुजरा के एक गरीब परिवार में जन्म लेकर क?ी मेहनत एवं लगन के बदौलत वरिष्ठ आईएएस जैसे महत्वपूर्ण पद पर सुशोभित होने का अवसर प्राप्त हुआ है।

नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष जी.आर. चुरेन्द्र छत्तीसगढ़ राज्य में प्रशासनिक सेवाओं के दौरान अत्यंत लोकप्रिय और कर्मठ अधिकारी रहे हैं। उन्होंने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में एसडीएम, अपर कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कलेक्टर तथा रायपुर, दुर्ग, बस्तर व सरगुजा संभाग के कमिश्नर के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं।



कार्य कुशलता, आत्मीय व्यवहार एवं सामाजिक योगदान के फलस्वरूप निर्वाचन में प्रचण्ड मतों से विजयी हुए श्री चुरेन्द्र

उनकी इस उपलब्धि पर सामाजिक जनों ने हर्ष व्यक्त किया है। अपने कार्यकाल के दौरान श्री चुरेन्द्र अपने अतिशय, नम्र एवं संवेदनशील व्यक्तित्व तथा अपने कार्यकुशलता के कारण प्रत्येक वर्गों के लोगों के बीच बहुत ही लोकप्रिय रहे हैं। उनकी पहचान सबका कल्याण चाहने वाले, समाजवादी एवं राष्ट्रवादी विचारधारा को लेकर कार्य करने वाले व्यक्तित्व के रूप में है। श्री चुरेन्द्र जैसे सुलझे हुए व्यक्ति को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर समाज के सभी वर्ग के लोगों में बहुत ही हर्ष व्याप्त है।

इस दौरान अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के अन्य पदाधिकारियों का भी निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न किया गया। जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में डौण्डी विकासखण्ड के शिक्षक श्री गजेन्द्र रावटे एवं श्रीमती ममता भैंसवारे निर्वाचित हुए। इसी तरह श्री संयुक्त संचालक कोष लेखा श्री प्रेमलाल साहरा को केन्द्रीय महासचिव एवं सचिव के रूप श्री विजय नाग निर्वाचित हुए। इसी तरह राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष के रूप में सेवानिवृत्त डिप्टी कलेक्टर श्री आर.आर. चुरेन्द्र एवं केन्द्रीय अंकेक्षक के रूप में श्री नेमीचंद देव निर्वाचित हुए। इसके साथ ही कार्यकारिणी के शेष मनोनीत पदों पर समाज के प्रतिनिधियों का मनोनयन शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महासभा की सलाहकार व डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती अनिला भेड़िया, समाज के संरक्षक व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जी.आर राना, केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पी.आर. नाइक, वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष मंतूराम पवार, केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ के निवर्तमान अध्यक्ष पूर्व आईपीएस आर.एस. नायक, क्षेत्रीय महासभा मध्यप्रदेश के अध्यक्ष महेन्द्र कोठेवार, छत्तीसगढ़ महासभा बड़ेडोंगर के अध्यक्ष श्री लतेल राम नाइक, छत्तीसगढ़ महासभा बड़ेडोंगर के अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार चनाप सहित केंद्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ के महासचिव श्री झुमुक रावटे, विभिन्न जिलों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। ज्ञातव्य हो कि इस संगठन के अंतर्गत छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, असम, उड़ीसा, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना जैसे विभिन्न राज्यों में निवास करने वाले हल्बा, हल्बी जनजाति के सदस्य शामिल हैं, जो भारत सरकार, राज्य सरकारों, अर्धशासकीय एवं निजी संस्थाओं में अधिकारी व कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं। यह संगठन अपने सदस्यों के कल्याण और समाज की बेहतरी के लिए निरंतर कार्य करता है।

# अपने लक्ष्य दीवारों पर लिखें, जो आपको संकल्प याद दिलाए - विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

### विधानसभा अध्यक्ष ने 120 मेधावी विद्यार्थियों को विद्या विभूषण सम्मान 2026 से किया सम्मानित



**बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को 5-5 हजार रूपए प्रदान करने की घोषणा की, नालंदा परिसर एक राष्ट्रीय स्तर की सर्वसुविधायुक्त लाईब्रेरी बनने से विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ**

**राजनांदगांव (दावा)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 120 मेधावी विद्यार्थियों को विद्या विभूषण सम्मान 2026 से सम्मानित किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को 5-5 हजार रूपए प्रदान करने की घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि आज यहां सभी मेधावी बच्चों के चेहरे पर आत्मविश्वास की चमक और अंदर की ताकत दिखाई दे रही है। उन्होंनें सभी बच्चों से यह जानकारी ली कि वे अपने जीवन में क्या बनना चाहते है। उन्होंने कहा कि आप में से कोई डॉक्टर बनना चाहते है, कोई कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक या इंजीनियर बनाना चाहते हैं। आप जिस भी क्षेत्र में सेवा देना चाहते हैं, उस लक्ष्य को अपने घर के कमरे की दीवार पर लिखना कि आने वाले वर्षों में मैं इस पद पर जाना चाहता हूं। रोज पढ़ते समय यह दीवार आपको प्रेरणा प्रदान करेगी कि तुमने यह वादा किया था, अपने आप से एक संकल्प लिया था। तो उस वादे को पूरा करने की इच्छाशक्ति भी होनी चाहिए। दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं है, जो तय कर लिया है, तो वह सपना अवश्य पूरा होगा। देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं प्रसिद्ध वैज्ञानिक मिसाईल मैन डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम भी असफल हुए। इसलिए जीवन में कभी असफल होने पर निराश मत होना। बल्कि यह समझना कि सफलता के समीप हैं। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव सभी की पढ़ाई के लिए नालंदा परिसर एक राष्ट्रीय स्तर की सर्वसुविधायुक्त लाईब्रेरी बनने जा रही है। जहां सभी प्रकार की किताबें उपलब्ध रहेंगी। आने वाले वर्षों में बच्चों को इस लाईब्रेरी का लाभ मिलेगा।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने सभी मेधावी बच्चों को सफलता के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह एक शुरूआत है। आगे आप अपने जीवन में प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से अलग-अलग मकाम पर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि सिविल सेवा, डॉक्टर, इंजीनियर, अधिकारी अन्य किसी पद में सेवाएं देने के लिए पहले यह जरूर समझेंकि किस उद्देश्य एवं प्रेरणा के साथ यह कार्य करना चाहते हैं। गरीब एवं जरूरतमंद की सेवा करने की प्रेरणा के साथ यदि किसी सेवा में जाएंगे तो वह प्रेरक स्थिति आजीवन कायम रहती है। देश एवं समाज के विकास के लिए अपना योगदान दें और दूसरों के लिए कुछ करने का जज्बा हो तो यह भाव जिंदगी भर स्थायी रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में जाने के लिए सिलेबस को ध्यान में रखते हुए थोड़ी किताबों को बार-बार पढ़ें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी सोशल मीडिया एवं नशे से दूर रहें तथा इसके साथ ही भटकाव की स्थिति नहीं होनी चाहिए। जो आप चाहते हैं, उसके लिए ईमानदारी बनाएं रखे और सही दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि ईमानदारी एक महंगा शौक है जिसे आप जीवन भर अपने साथ रखें। अपने जीवन में अनुशासन बनाएं रखें। अभिभावकों से कहा कि बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करें और उनकी तुलना न करें। उनके साथ दोस्ती का व्यवहार रखें और उनका हाथ थाम कर चलें। कार्यक्रम को समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर डॉ. भीवराम अम्बेडकर की स्मृति में कक्षा 12वीं में जिले में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले ग्राम सुरगी के विद्यार्थी गजेन्द्र साहू तथा कक्षा 10वीं में जिले में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली विद्यार्थी उपमा सिन्हा को 10-10 हजार रूपए सम्मान राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, राजगामी संपदा न्यास अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू, संतोष अग्रवाल, श्रीमती रेखा मेश्राम, सुमीत उपाध्याय, उत्तम साहू, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा सतीश ब्योहारे, छात्र युवा जन कल्याण संस्थान के संयोजक नागेश यदु सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित थे।

# छुईखदान के रेवाडीह के जंगल में हसदेव जैसा मंजर



### सीमांकन होते ही शुरू हुई साजा, बीजा, तिनसा और बांस की अंधाधुंध कटाई

### 116 एकड़ में सैकड़ों बेशकीमती पेड़ों की बलि प्रशासन मौन

**छुईखदान (दावा)।** छुईखदान के रेवाडीह जंगल में इन दिनों हरियाली नहीं बल्कि कुल्हाड़ियों और कटर मशीनों की आवाज गूंज रही है। क्षेत्र के फेफड़े कहे जाने वाले इस घने जंगल के बीचो-बीच बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। स्थानीय सूत्रों की माने तो लगभग 116 एकड़ निजी भूमि की आड़ लेकर सैकड़ों हरे-भरे और बेशकीमती पेड़ों को जड़ से उखाड़ा जा रहा है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि जिस जगह पर इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई की जा रही है, वहां अब तक किसी भी प्रकार की विभागीय अनुमति या ट्रांजिट परमिट टीपी जारी होने की पुष्टि नहीं हुई है। यही वजह है कि अब यह मामला केवल अवैध कटाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।

### सीमांकन के तुरंत बाद शुरू हुआ जंगल सफाया

जानकारी के मुताबिक कुछ दिन पहले ही राजस्व विभाग द्वारा इस इलाके मे सीमांकन की कार्रवाई पूरी की गई थी सीमांकन खत्म होते ही जंगल के भीतर अचानक भारी मशीने और मजदूर सक्रिय हो गए इसके बाद साजा बीजा, तीनसा, बांस और भीरा जैसे कीमती एवं संरक्षित पेड़ों की अंधाधुंध कटाई शुरू हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि जिस तेजी से जंगल उजाड़ा जा रहा है, उससे पूरा क्षेत्र धूल और वीरानी में बदलता जा रहा है। लोग इसे हसदेव अरण्य पार्ट दो बताकर प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे है।

### वन अमले को जानकारी फिर भी कार्रवाई नहीं

सूत्र बताते है कि स्थानीय वन अमले को पूरे घटनाक्रम की जानकारी है। मैदानी कर्मचारियों यानी बीट गार्डो ने भी इस मामले की सूचना अपने उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने की बात कही है। बावजूद इसके अब तक मौके पर न तो कोई बड़ी जांच टीम पहुंची और न ही कटाई रोकने की ठोस कार्रवाई दिखाई दी। वही जमीन से जुड़े रिकॉर्ड और सीमांकन प्रक्रिया के अहम किरदार हल्का पटवारी भी पूरे मामले पर खुलकर कुछ बोलने से बचते नजर आए। ऐसे मे सवाल उठ रहा है कि आखिर इतनी बड़ी कटाई किसके संरक्षण में चल रही है।

### “ नहीं ली गई कोई अनुमति - अविनाश ठाकुर एसडीएम

**इस पूरे मामले में एसडीएम अविनाश ठाकुर ने कहा कि खमारडीही जंगल में हो रही पेड़ कटाई की जानकारी मिलते ही जांच के लिए आरआई, पटवारी और वन विभाग की टीम भेजी गई है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिस स्थान पर बड़े पैमाने पर कटाई हो रही है, वहां किसी भी प्रकार की विभागीय अनुमति नहीं ली गई है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है, यदि अनुमति नहीं ली गई तो आखिर जंगल में यह हरा कत्लेआम किसके इशारे पर चल रहा है।**

# गुपचुप ठेला संचालक के साथ मारपीट और धारदार वस्तु से वार करने वाले आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



**आरोपी कंसकारा के विरुद्ध पूर्व में थाना डोंगरगढ़ में एनडीपीएस एक्ट एवं मारपीट जैसे अपराध दर्ज**

**राजनांदगांव (दावा)।** डोंगरगढ़ पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के एक गुपचुप ठेले वाले के साथ मारपीट करने और धारदार हथियार से वार करने वाले आरोपियों को धर दबोचा है और उनके खिलाफ धारा 296, 118(1), 351(2), 3(5) बी.एन.एस. के तहत की गई कार्यवाही की है। डोंगरगढ़ थाना प्रभारी संतोष जायसवाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी साजन कंसकारा के खिलाफ पूर्व में थाने में एनडीपीएस एक्ट और मारपीट जैसे मामलो के अपराध दर्ज है।

उन्होंने बताया कि 21 मई गुरुवार को नाकापार पेट्रोल पंप आरा मिल के पास गुपचुप ठेला लगाने वाले प्रार्थी के पास आरोपी श्याम राज साहू एवं उसके साथी पहुंचे तथा 10-10 रुपये में पेट भर गुपचुप खिलाने की बात कहने लगे। प्रार्थी द्वारा 10 रुपये में पेट भर गुपचुप नहीं मिलने की बात कहने पर दोनों आरोपियों द्वारा एक राय होकर मां-बहन की अश्लील गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई तथा अपने पास रखे किसी नुकीले धारदार वस्तु से मारपीट की गई, जिससे प्रार्थी के कान के पीछे एवं पीठ-कमर में चोट आई। साथ ही आरोपियों द्वारा प्रार्थी के पुत्र के साथ भी नुकीली धारदार वस्तु से मारपीट की गई, जिससे उसके कान के पीछे, कंधे एवं हाथ में चोट आई।

पुलिस द्वारा उन आरोपियों श्यामराज पिता राजेश साहू उम्र 21 वर्ष निवासी बुधवारी पारा तथा साजन कुमार कंसकारा पिता गंगाराम कंसकारा उम्र 35 वर्ष निवासी नंदेश्वरी पारा वार्ड नं. 2 डोंगरगढ़ को हिरासत में ले लिया गया और उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

# अवैध शराब भंडारण के मामले में 270 पौवा शराब जप्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार



**न्यायालय में पेश कर आरोपी को भेजा गया जेल**

**राजनांदगांव (दावा)।** लालबाग पुलिस एवं साइबर थाना द्वारा अवैध शराब बिक्री हेतु रखने वाले के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से कुल 270 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त किया गया। जब्त शराब की कीमती 21,600 रूपये बताई जाती है। पुलिस ने आरोपी अभिषेक कुमार यादव पिता मिथलेश कुमार यादव उम्र 25 निवासी पेंड्री बस्ती हाल ग्राम बरगा संदीप के मकान थाना लालबाग को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

लालबाग थाना प्रभारी रमेश पटेल ने बताया कि, पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के निर्देशन में जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### बरगा में आरोपी के मकान में दी गई दबिश

इसी क्रम में 21 मई गुरुवार को थाना लालबाग पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, ग्राम बरगा निवासी एक व्यक्ति अपने मकान में अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी के निर्देशन में पुलिस टीम द्वारा ग्राम बरगा पहुंचकर आरोपी के किराए के मकान की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी अभिषेक कुमार यादव पिता के कब्जे से दो प्लास्टिक बोरियों में कुल 270 पाव देशी प्लेन मदिरा सवा शेरा मात्रा 48.600 लीटर शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग रूपये 21,600 है।

आरोपी से शराब रखने संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहा गया, किन्तु वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के अंतर्गत पाए जाने से मौके पर कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा जप्त शराब को आबकारी परीक्षण हेतु सुरक्षित रखा गया है। प्रकरण में आगे की वैधानिक कार्यवाही थाना लालबाग पुलिस द्वारा की जा रही है।

# सुशासन तिहार में भाजपा से निष्कासितों का बोलबाला, जिम्मेदार अधिकारी रहे नदारत



**डोंगरगांव (दावा)।** सुशासन तिहार अंतर्गत नगर के साकेतधाम परिसर में शुक्रवार 22 मई को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सबसे दिलचस्प नजारा दिखाई दिया, जिसमें भाजपा से निष्कासित पूर्व पार्षद सिद्दीक बडगुजर का मुख्यमंत्री के साथ पूरे शिविर को बैनर पोस्टर से पाट दिया था और पूरा शिविर वे स्वयं करवा रहे हैं, यह जताने का प्रयास किया, वहीं आज का शिविर केवल तीन वार्डो के लिए आयोजित किया गया था किन्तु इसमें वार्ड क्रमांक 13 और 14 को छोडकर सभी वार्डों से मांग और शिकायत के आवेदन पहुंचे।

इस दौरान सभी विभाग के स्टॉल लगाए गए, किन्तु कुछ विभागों के जिम्मेदार अधिकारी नदारत रहे। वहीं जनप्रतिनिधियों के औपचारिक उद्बोधन के बाद एसडीएम भी चलते बने और अधिकारियों से पूछताछ, डांट-डपट और जानकारी लेने का काम नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता करते दिखे। नगर निकाय के वार्डों के लिए आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में उपस्थित अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात मातृशक्तियों का गोदभराई का कार्यक्रम किया गया। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी और महिला पार्षदों ने उनका तिलक लगाकर सम्मान किया। इस शिविर में सभी वार्डों से 574 मांग एवं 29 शिकायतों के आवेदन पहुंचे, जिसमें सबसे अधिक राजस्व विभाग और नगर निकाय के लिए मांग और शिकायतें मिली हैं। बता दें कि, इस शिविर के लिए कुछ वार्डों के पार्षद बकायदा ई-रिक्शा के माध्यम से सूचना प्रसारित करवा गया था, जिससे भरी गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में लोग आवेदन देने शिविर तक पहुंचे थे।

# बागरेकसा धान उपार्जन केन्द्र में 52.57 लाख रूपए के धान गबन का भंडाफोड़



फाईल फोटो

**फर्जी सूखत दिखाकर 1696 क्विंटल धान की अफरा तफरी समिति प्रबंधक और ऑपरेटर की सुनियोजित धोखाधड़ी उजागर**

**राजनांदगांव (दावा)।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में आज शासकीय धान खरीदी में एक बड़े फर्जीवाड़े और वित्तीय अनियमितता का सनसनीखेज मामला सामने आया है। डोंगरगढ़ विकासखंड के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बागरेकसा (धान उपार्जन केन्द्र बागरेकसा) में प्रशासनिक अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा औचक निरीक्षण और सघन जांच की कार्रवाई की गई। जिसमें 52 लाख 57 हजार 786 रूपए मूल्य के कुल 1696.06 क्विंटल धान का गबन पाया गया है। समिति के कर्मचारियों द्वारा सुनियोजित तरीके से रिकॉर्ड में हेराफेरी कर इस पूरे घोटाले को अंजाम दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संयुक्त जांच दल द्वारा उपार्जन केंद्र बागरेकसा का विस्तृत भौतिक सत्यापन एवं रिकॉर्ड मिलान किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर केंद्र प्रभारी नीलकंठ साहू, डाटा एंट्री ऑपरेटर ओम कुमार यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। जांच दल द्वारा जब ऑनलाइन रिपोर्ट एवं वास्तविक रिकॉर्ड का मिलान किया गया, तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में केंद्र द्वारा कुल 164169 बोरियों में कुल 65627.60 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया था। इसमें से 29501.46 क्विंटल धान राइस मिलर्स को तथा 34430.08 क्विंटल धान संग्रहण केंद्रों को परिदान किया गया। इस प्रकार कुल 63931.54 क्विंटल धान का प्रदाय किया गया। ऑनलाइन रिकॉर्ड के अनुसार केंद्र में 1696.06 क्विंटल धान शेष होना अनिवार्य था, परंतु भौतिक सत्यापन में उपार्जन केंद्र परिसर के भीतर न तो धान से भरी बोरियों में और न ही खुले में एक किलोग्राम भी धान पाया गया।

समिति प्रबंधक नीलकंठ साहू एवं आपरेटर द्वारा भौतिक रूप से उपलब्ध नहीं पाये गये धान को सूखत होना बताया गया। उन्होंने स्वीकार किया कि मिलर्स को धान देते समय रैंडम वजन नहीं किया गया। जबकि जांच में पाया गया कि सुनियोजित तरीके से, धर्मकांटा में प्राप्त वास्तविक वजन की एन्ट्री न करते हुए काल्पनिक एवं फर्जी आकड़ों की ऑनलाइन प्रविष्टि कर 1696.06 क्विंटल धान को सूखत दिखाए जाने का प्रयास किया गया है।

जांच दल द्वारा जब धर्मकांटा से प्राप्त वास्तविक वजन पत्रकों की तुलना समिति के कम्प्यूटर मॉड्यूल में की गई प्रविष्टियों से की गई, तो एक बड़े और सुनियोजित डिजिटल घोटाले की पुष्टि हुई। समिति प्रबंधक एवं ऑपरेटर द्वारा वास्तविक वजन की प्रविष्टि न करके, प्रत्येक वाहन में काल्पनिक रूप से प्रति बोरा 2 किलोग्राम की कमी दर्ज की गई थी। धोखाधड़ी का पैटर्न पाया गया। 875 बोरों वाले वाहनों में वास्तविक वजन को छुपाकर काल्पनिक रूप से 17.50 क्विंटल धान की कमी दर्ज की गई। 800 बोरो वाले वाहनों में सीधे 16.00 क्विंटल धान की फर्जी कमी दिखाई गई। 700 बोरों वाले वाहनों में 14.00 क्विंटल तथा 600 बोरों वाले वाहनों में 12.00 क्विंटल धान की मनगढ़ंत कमी दर्ज की गई। इसी प्रकार 500 बोरों वाले वाहनों में भी 10.00 क्विंटल धान की फर्जी कमी कंप्यूटर मॉड्यूल में दर्ज की गई। जांच दल ने जब संग्रहण केंद्रों को भेजे गए धान की जावक पर्चियों का मिलान किया, तो वहां वास्तविक वजन ही दर्ज पाया गया।

इससे यह स्पष्ट होता है कि समिति प्रबंधक और ऑपरेटर द्वारा राइस मिलर्स को भेजे जाने वाले धान में जानबूझकर, कूटरचित तरीके से प्रति बोरा 2 किलो की काल्पनिक कमी दिखाकर कुल 1696.06 क्विंटल धान को कागजों पर गायब कर दिया गया। इस गंभीर वित्तीय धोखाधड़ी और शासकीय संपत्ति के गबन (मूल्य 52 लाख 57 हजार 786 रूपए) के मामले में दोषी समिति प्रबंधक नीलकंठ साहू, ऑपरेटर ओम कुमार यादव एवं अन्य संलिप्त कर्मचारियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**SHRIRAM COLLEGE OF PHARMACY**
Village- Thakurtola, Post -Somni, District- Rajnandgaon (C.G.)
Approved By - PCI, Affiliated to - CSVTU, Bhilai
(Run By - Mahamaya Prashikshan Sansthan, Durg)

**Requirement**

| S.No. | Name of Post | Qualification |
|---|---|---|
| 1. | Principal | As per AICTE/PCI/CSVTU Norms |
| 2. | Lecturer/ Assistant Professor/Lab Technician | |

Qualification : As per AICTE/PCI Revised Guideline & CSVTU, Bhilai Norms.
Application : Resumes Along with Attested photocopies of Certificates and one Passport size photographs should be send by speed post/ Email or whatsapp within 7 days.

Email- principal.192.csvtu@gmail.com Whatsapp No.- 7000901280

Director
Shriram College of Pharmacy, Rajnandgaon

# नवनियुक्त ओबीसी कांग्रेस जिला अध्यक्षों का स्वागत

### सीए शिवम चौधरी साहू ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं



**राजनांदगांव (दावा)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (ओबीसी विभाग) द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत विभिन्न जिलों में ओबीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। जारी नियुक्ति सूची में राजनांदगांव शहर से सचिन तुरहाटे, राजनांदगांव ग्रामीण से रोशन साहू तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले से पुरुषोत्तम वर्मा को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। ओबीसी विभाग के प्रदेश महामंत्री एवं राजनांदगांव व खैरागढ़ जिले के प्रभारी सीए शिवम चौधरी साहू ने सभी नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन को मजबूती देने तथा ओबीसी समाज की आवाज को और प्रभावी ढंग से उठाने में सभी नवनियुक्त पदाधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार संगठन विस्तार एवं सामाजिक समरसता के लिए कार्य कर रही है तथा इन नियुक्तियों से संगठन को नई ऊर्जा एवं मजबूती मिलेगी।

# सोशल मीडिया मे 5 लाख से अधिक लोगों ने देखा शनि जयंती



**राजनांदगांव (दावा)।** श्री शनि जन्मोत्सव के उपलक्ष्य मे स्थानीय रानी सागर तट पर स्थित शनिदेव धाम परिवार द्वारा रानी सागर तट पर 1 लाख से अधिक दीप प्रज्वलित किये गये जिसमें हजारों की संख्या मे नगरवासी उपस्थित होकर दीप दर्शन किये। उक्त दीप प्रज्वलन का विडियो विभिन्न सोशल मीडिया (फेसबुल, इंस्टाग्राम, व्हाटसएप्प आदि) में 5 लाख से अधिक विवर्क्स द्वारा देखा जा चुका है। इस शानदार कार्यकम के लिए शनिदेव धाम परिवार द्वारा सभी को आभार व्यक्त करता है। कार्यकम को सफल बनाने के लिए विभिन्न धार्मिक संगठन, सामाजिक संगठन, शनिदेव धाम के सम्मननीय सदस्यों का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उक्त जानकारी शनिदेव धान परिवार सदस्य रमेश सोनी द्वारा दी गई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com